| 1 | 2025_UAD _421477_1 08/05/2025 | संभाग क्र. 03 रामपुर अंतर्गत ग्वारीघाट में साहिब टाउनशिप में एम 20 सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 02 माह<br>रू. 17.13 लाख | रू. 2,000/-<br>रू. 12850/- | 23/05/2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन प्रकाशन का ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, लोककर्म विभाग**
**नगर निगम जबलपुर**


## तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों पर बड़ा प्रहार, 26 को सुरक्षाबलों ने किया ढेर, ऑपरेशन जारी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में जारी नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। इस ऑपरेशन के तहत 26 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया गया है। भारी मात्रा में विस्फोटक, हथियार बनाने वाले अवैध कारखाने और उग्रवादियों का सामान जब्त किया गया है।

पुलिस अधिकारियों ने बुधवार (7 मई) को जानकारी दी कि कर्रेगुट्टा पहाड़ियों और छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित पहाड़ियों में 21 अप्रैल को मिशन संकल्प नाम से अभियान शुरू किया गया था, जिसमें 24 हजार जवान शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान सीआरपीएफ की कोबरा और छत्तीसगढ़ पुलिस की डीआरजी और एसटीएफ इकाइयों के 12 से अधिक जवान अब तक घायल हो चुके हैं। इनमें कोबरा अधिकारी सहायक कमांडेंट सागर बोराडे और कोबरा की 206वीं बटालियन का एक अन्य कमांडो भी शामिल है।

अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के महत्व का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सीआरपीएफ के महानिदेशक (डीजी) जी पी सिंह 19 अप्रैल से लगातार राज्य में डेरा डाले हुए हैं और कभी रायपुर तो कभी जगदलपुर में जा रहे हैं। अब तक तीन बार कर्रेगुट्टा पहाड़ियों समेत अभियान क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं।


### DABUR INDIA LIMITED

Regd. Office: 8/3, Asaf Ali Road, New Delhi - 110 002
CIN - L24230DL1975PLC007908
Tel. No.: 011-23253488, Fax No.: 011-23222051
Website: www.dabur.com I E-mail: corpcomm@dabur.com

**AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2025**

The consolidated and standalone audited financial results of the Company for the quarter and year ended March 31, 2025, approved by the Board of Directors in their meeting held on May 7, 2025, along with the Auditors' Reports thereon (expressing an unmodified opinion), as filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and 52 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 are available on the Stock Exchanges websites (www.bseindia.com & www.nseindia.com), the Company's webpage (www.dabur.com/investor /financial-information/results) and can also be accessed by scanning the following Quick Response Code.

For and on behalf of the Board of Directors

Place: New Delhi
Date: May 07, 2025

Mohit Burman
Chairman
DIN: 00021963


सुप्रीम कोर्ट ने दी चेतावनी

## कैश कांड में जस्टिस यशवंत वर्मा दोषी करार!

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित तीन सदस्यीय इन-हाउस जांच समिति ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को उनके आवास पर कथित रूप से मिली बेहिसाब नकदी के मामले में दोषी ठहराया है। इस रिपोर्ट को भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को सौंप दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, अब न्यायमूर्ति वर्मा के पास या तो इस्तीफा देने का विकल्प है या फिर उनके खिलाफ महाभियोग की सिफारिश राष्ट्रपति को भेजी जाएगी। रिपोर्ट में उन्हें दोषी पाया गया है। प्रक्रिया के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश ने उन्हें तलब किया है। पहला विकल्प दिया गया है कि वे स्वयं इस्तीफा दें। यदि वे इस्तीफा नहीं देते हैं, तो यह रिपोर्ट राष्ट्रपति को भेजी जाएगी, जिसमें महाभियोग की सिफारिश की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, न्यायमूर्ति वर्मा को प्रतिक्रिया देने के लिए 9 मई, शुक्रवार तक का समय दिया गया है।



**इस्तीफा या महाभियोग जज को मिले 2 विकल्प**

**जांच समिति का गठन और रिपोर्ट** - यह जांच समिति ष्टछ्वद्ध संजीव खन्ना द्वारा 22 मार्च को गठित की गई थी, जिसमें पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति अनु शिवरामन शामिल थे। इस समिति ने 25 मार्च से जांच शुरू की थी और 4 मई को अपनी रिपोर्ट मुख्य न्यायाधीश को सौंपी।

**आगजनी और बेहिसाब नकदी की बरामदगी**-14 मार्च की शाम को न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास पर आग लग गई थी। दमकल कर्मियों ने आग बुझाते समय वहां कथित रूप से बड़ी मात्रा में जली हुई नकदी बरामद की। उस समय न्यायमूर्ति वर्मा और उनकी पत्नी दिल्ली में नहीं थे, वे मध्यप्रदेश में यात्रा पर थे। घर में केवल उनकी बेटी और वृद्ध मां मौजूद थीं। इस घटना के बाद एक वीडियो सामने आया जिसमें नकदी के बंडल आग में जलते हुए दिखाई दिए। इस वीडियो को दिल्ली पुलिस आयुक्त ने दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को सौंपा और बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस वीडियो को सार्वजनिक भी किया। साथ ही दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की प्रारंभिक रिपोर्ट और न्यायमूर्ति वर्मा का जवाब भी सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जारी किया गया।

**न्यायिक कार्य से अस्थायी रूप से दूर, बार एसोसिएशन का विरोध** -घटना के बाद न्यायमूर्ति वर्मा को उनके मूल हाईकोर्ट ङ्क इलाहाबाद हाईकोर्ट ङ्क भेज दिया गया, जहां हाल ही में उन्होंने पद की शपथ ली थी। हालांकि, ष्टछ्वद्ध के निर्देश पर फिलहाल उनके न्यायिक कार्य को रोक दिया गया है। इस निर्णय के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने विरोधस्वरूप हड़ताल भी की थी। **एफआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की प्रतिक्रिया** -इन-हाउस जांच लंबित रहने के कारण सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक स्तर पर न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ स्नद्बक्र दर्ज करने की याचिका को स्वीकार नहीं किया।


### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्री सुशील कुमार साहू, श्रीमती शीला साहू पति श्री सुशील कुमार साहु, श्री सौरभ साहू पिता श्री सुशील कुमार साहू एवं श्रीमती राखी साहू पति श्री सौरभ साहू सभी निवासी 2350 पंजाब बैंक कालोनी चेरीताल जबलपुर के निर्देशानुसार/ कथनानुसार सूचित करता हूं कि श्री शुभम साहू एवं उसकी पत्नि श्रीमती जानवी साहू से मेरे पक्षकार गण पृथक निवासरत है इन दोनों में आपसी विवाद है, मेरे पक्षकारों को इनके ना तो कोई वास्ता है, ना ही इनके किसी भी कृत्य के प्रति जवाबदारी है। दिनांक 01.05.2025 को तत्संबंध में पुलिस को सूचित किया जा रहा चुका है।

धनराज सिंह चौधरी
एडवोकेट एम.पी. हाईकोर्ट
कार्या. 1121, आमनपुर, नरसिंह वार्ड जबलपुर (म.प्र.)
मो. 8602555505, 9926350040
र.नं.- 365

### न्यायालय नायब तहसीलदार पनागर जिला-जबलपुर

रा.प्र.क्रं/0243/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद कुमार कुर्मी पिता/पति राम सुजान कुर्मी निवासी बम्हौरी ने ग्राम बम्हौरी प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. पनागर स्थित भूमि खसरा नंबर 326 रकवा 0.190 हेक्टेयर भूमि का विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि के नामांतरण में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

इश्तहार आज दिनांक 07/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सुनवाई दिनांक- 22/05/2025

नायब तहसीलदार
र.नं. 378 पनागर

### कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जिला शहडोल (म.प्र.)

Email Address-dmshahdol@mp.gov.in
Phone No. 07652-241700
शहडोल, दिनांक 21 अप्रैल 2025

**सार्वजनिक सूचना**

विषयांतर्गत नायरा एनर्जी-जरिये श्रीमती निधि ताम्रकार पति श्री सुधीर कुमार ताम्रकार निवासी वार्ड नं. 08 नियर पंचायती मंदिर ब्यौहारी, तहसील ब्यौहारी जिला शहडोल म.प्र. द्वारा भूमि खसरा नं. 209/9 एवं 210/1/ख स्थित ग्राम ब्यौहारी, तह. ब्यौहारी जिला शहडोल (म.प्र.) नए रिटेल आऊटलेट पर सुविधाओं का निर्माण करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय करने का अनुरोध किया गया है।

अतः उक्त रीटेल आउटलेट की स्थापनाा से किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के अंदर इस कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जिला शहडोल (म.प्र.)**
र.नं.- 363


प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने ली कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक

## ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति जल्द होगी

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज भोपाल में चुनाव प्रबंधन समिति की मैराथन बैठक की। इस बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के अलावा प्रशिक्षण की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। श्री चौधरी ने इस बैठक में निर्देश दिए कि विधानसभा चुनाव में भले ही 3 साल हैं, लेकिन सभी साथी नेता कार्यकर्ता अभी से तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने 2 हफ्तों में ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति की बात भी कही। आज सुबह से ही प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मैराथन बैठकें शुरू हो गई थीं। श्री चौधरी और श्री पटवारी ने बैठकों में चुनाव प्रबंधन विभाग, प्रशिक्षण विभाग, मीडिया, सोशल मीडिया विभाग की समीक्षा की। बैठक में सबसे पहले शुरु हुई चुनाव प्रबंध न समिति की बैठक में संगठन में नियुक्तियों पर जोर दिया गया, सबसे पहले ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्तियां पर चर्चा कर 2 सप्ताह के भीतर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियां की किए जाने पर जोर दिया गया। वहीं कांग्रेस के 5 जिलों में खाली पड़े जिला अध्यक्ष के पदों जल्दी नियुक्ति करने पर भी बैठक में बात हुई। श्री चौधरी ने संगठन प्रभारी सुखदेव पांसे और संजय कामले को लंबित मामले जल्द निपटाने के लिए कहा, जिससे काम में तेजी लाई जा सके।

देशबन्धु

जबलपुर, गुरूवार 08 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## पाकिस्तान को माकूल जवाब

मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने बेहद पेशेवराना अंदाज़ में पाकिस्तान की जमीन पर चल रहे आतंकियों के 9 ठिकानों को उड़ाकर रख दिया। बड़ी संख्या में दहशतगर्दों को मौत की नींद सुलाने वाले 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये उन निर्दोषों को न्याय दिया गया जो कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में आतंकवादियों द्वारा की गयी अंधाधुंध फायरिंग में मारे गये थे। उस कायराना और अमानवीय आतंकी कार्रवाई में कई सुहाग उजड़े थे। सम्भवत: इसीलिये इस ऑपरेशन को 'सिंदूर' नाम दिया गया। सेना ने यह कार्रवाई बुधवार तड़के में और बुधवार शाम को ही युद्धाभ्यास के रूप में भारत 244 जिलों में अपने नागरिकों को बचाने के लिये सामूहिक मॉक ड्रिल करने जा रहा था। बुधवार की शाम को यह सफलतापूर्वक किया भी गया।

भारतीय सैन्य अधिकारियों ने इस पूरे ऑपरेशन का विवरण देते हुए सुबह दिल्ली में बुलाई एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पड़ोसी मुल्क के किसी भी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया और तब तक किसी भी नागरिक के मारे जाने की खबर नहीं थी। हालांकि आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 10 लोगों के मारे जाने की खबर खुद मसूद अजहर के हवाले से ही आई है। वहां से कुछ आम नागरिकों के घायल होने की अपुष्ट खबरें भी हैं जो वायरल वीडियो के जरिये पहुंची हैं। इस जवाबी हमले के बाद पाकिस्तानी सेना द्वारा सीमा से सटे पूंछ इलाके में फायरिंग किये जाने के समाचार मिले हैं जिनमें 10 भारतीयों के मारे जाने तथा कुछ लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है।

भारतीय सेना के तीनों अंगों की यह संयुक्त कार्रवाई इसलिये काबिले-तारीफ है कि इससे विश्व बिरादरी को कहीं भी शिकायत या आपत्ति दर्ज करने का मौका नहीं मिला है। पाकिस्तान के पास भी इसलिये कहने को कुछ भी नहीं रह जाता क्योंकि जिन ठिकानों को हमलों के जरिये नेस्तनाबूद किया गया वे सटीक जानकारी के आधार पर उड़ाये गये हैं और यह पहले से साबित हो चुका था कि उन ठिकानों से चरमपंथी भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देते रहे हैं। पहलगाम घटना का सबक भारतीय सेना ने आतंकियों को अच्छी तरह से सिखा दिया। पाकिस्तान के पास भी विरोध के नाम पर कुछ कहने को रह नहीं जाता इसलिये अब वहां से सुलह और शांति की बातें सेना की ओर से आ रही हैं। पाकिस्तानी सेना के अफसर जानते हैं कि पहलगाम घटना के बाद विश्व सहानुभूति भारत के साथ है। दूसरे, इस वक्त उसकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह इस घटना को बड़ी लड़ाई में तब्दील करने का दुस्साहस करे। यदि वह ऐसा करता है तो यह उसकी वैसी ही भूल होगी जो वह 1999 में कारगिल तथा उसके पहले तीन बार पूर्ण युद्ध छेड़कर कर चुका है। हर बार उसे मुंह की खानी पड़ी।

बेशक, हर बार की ही तरह इस वक्त भी भारत का ही पलड़ा भारी है लेकिन उसे भी युद्ध से बचना होगा। इस कार्रवाई से देश के अंदर आतंकियों के खिलाफ़ जो असंतोष व नाराज़गी बनी थी, उसे मिटाने में सरकार को काफी हद तक सफलता मिल गयी है। जो चीन लड़ाई की स्थिति में पाकिस्तान के साथ खड़ा होने की बात कर रहा था, उसके पास भी कोई कारण और अवसर नहीं रह जाता कि वह पाक को समर प्रांगण में ढकेले। पाकिस्तान से भी इसी आशय के संकेत मिल रहे हैं कि चीन का साथ मिलने के बावजूद पाकिस्तान युद्ध से बचेगा। दूसरे, अगर वह लड़ाई छेड़ता है तो माना जायेगा कि वह आतंकवादियों का इस हद तक समर्थन करता है कि उसके लिये लड़ाई तक छेड़ सकता है। पहले भी उस पर दहशतगर्दों को पनाह देने और अपनी धरती का इस्तेमाल करने देने के आरोप लगते रहे हैं। उसे इस मामले में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी आलोचना झेलनी पड़ी है, परन्तु पाकिस्तान अक्सर यह कहकर खुद को बचा लेता है कि वह स्वयं आतंकवाद से पीड़ित है। हालांकि उसकी बातों में आंशिक सच्चाई तो है कि पाकिस्तान में भी ये आतंकवादी कार्रवाइयां करने से बाज नहीं आते, जिनमें उसके अपने नागरिक अक्सर मारे जाते हैं। फिर भी उसे आतंकवाद को प्रश्रय और सहायता देने के आरोपों से पूरी तरह मुक्त नहीं किया जा सकता क्योंकि आतंकियों के सफाये के लिये वह उस संजीदगी व सघनता से काम नहीं करता, जैसा कि अपेक्षित है। पाकिस्तान के कट्टरपंथी धार्मिक व राजनीतिक नेताओं, सेना एवं आईएसआई की मिलीभगत से ऐसा होता है- इससे भी सहमत हुआ जा सकता है।

दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले ही यह कह दिया था कि 'भारत व पाकिस्तान दोनों ही उनके करीब हैं'। वे यह भी मानते हैं कि दोनों देश अपनी समस्या को मिलकर सुलझा सकते हैं। इसका साफ अर्थ है कि फिलहाल अमेरिका बीच में नहीं पड़ेगा लेकिन चाहेगा कि दोनों देश लड़ाई-झगड़े में न पड़ें। भारत को जो हासिल करना था, वह उसने कर लिया है। अब उसे इसलिये भी इस मामले को जल्दी समेट लेना चाहिये क्योंकि अभी ज्यादातर देश उसके साथ हैं। कम से कम कोई विरोध में आता नहीं दिख रहा है। चीन जो पाकिस्तान के साथ आने की बात कह रहा था, उसके पास अब कोई कारण नहीं रह गया है। यदि आतंकवाद से लेकर किसी भी मुद्दे पर पाकिस्तान कोई चर्चा करना चाहता है या इस मसले को विराम देना चाहता है, तो भारत को भी सकारात्मक प्रतिसाद देकर मामले को खत्म करना चाहिये। बेशक वह ऐसा करने के पहले पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दे।

# मंगलसूत्र के बाद सिंदूर, नाम में बहुत कुछ रखा है

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

शेक्सपियर साहब भारत में होते तो शायद कभी न लिख पाते कि नाम में क्या रखा है, क्योंकि यहां तो बड़े सियासी खेल नाम के बूते ही खेले जाते हैं। दुश्मनों को जवाब देने में भी कौन से नाम का क्या असर पड़ेगा, इसकी रणनीति भी तैयार होती है। तो कम से कम भारत के संदर्भ में देखें तो नाम में बहुत कुछ रखा है।

मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान में बने 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया तो उसके लिए नाम चुना गया ऑपरेशन सिंदूर। भारतीयों के लिए सिंदूर महज एक रासायनिक पदार्थ वर्मिलियन नहीं है, बल्कि इसका सांस्कृतिक, धार्मिक और भावनात्मक महत्व है। हिंदू धर्म में बिना सिंदूर के विवाह संपन्न नहीं होता और विवाहिताएं तब तक सिंदूर लगाती हैं, जब तक उनका सुहाग बना रहता है, यानी जब तक पति जीवित है, विवाहिता मांग में सिंदूर भरती है। लेकिन पति की मौत के बाद सिंदूर नहीं लगाया जाता, इसलिए विधवा होने के लिए मांग उजड़ना जैसे मुहावरों का इस्तेमाल होता है। पौराणिक कथाओं में देवियों के श्रृंगार में सिंदूर शामिल था ही, लेकिन ऐतिहासिक तौर पर देखें तो गुप्त काल (लगभग 320-550 ई.) तक सिंदूर विवाह अनुष्ठानों से पूरी तरह जुड़ गया।

हमारी फिल्मों में कई भावुक दृश्यों में सिंदूर के जरिए नारी शक्ति या सुहाग की ताकत को दिखाया गया। फिल्म ओम शांति ओम का तो संवाद ही बेहद चर्चित हो गया था, जिसमें दीपिका पादुकोण कहती हैं- एक चुटकी सिंदूर की कीमत तुम क्या जानो रमेश बाबू, ईश्वर का आशीर्वाद होता है एक चुटकी सिंदूर, सुहागन के सिर का ताज होता है एक चुटकी सिंदूर, हर औरत का ख्वाब होता है एक चुटकी सिंदूर। इस फिल्म के लिए मयूर पुरी ने जब ये संवाद लिखा होगा तो उन्हें अनुमान भी नहीं रहा होगा कि यह न केवल कई मौकों पर अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल किया जाएगा, बल्कि लगभग 2 दशक बाद इसे आतंकवाद का जवाब देने पर भी दोहराया जाएगा। इसी फिल्म में मयूर पुरी ने एक और संवाद लिखा था कि पिक्चर अभी बाकी है मेरे दोस्त। और बुधवार को यह संवाद भी लोगों को याद आ गया जब पूर्व सेनाध्यक्ष मनोज नरवणे ने ट्वीट किया कि पिक्चर अभी बाकी है। दरअसल जनरल मनोज नरवणे ने संकेत दिए कि पाकिस्तान को अभी पहला सबक ही सिखाया है, अभी इसके आगे आतंकवाद के कई और अड्डे भी तबाह होंगे। आगे और किस तरह के नामों के तहत सैन्य कार्रवाई होगी, ये देखना होगा। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर का नाम रखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बता दिया कि राजनैतिक चतुराई और रणनीतिक कौशल उनमें कूट-कूट कर भरा है।

याद कीजिए, लोकसभा चुनावों के वक्त प्रचार रैलियों का, जिनमें नरेन्द्र मोदी ने मंगलसूत्र छीनने का आरोप विपक्ष पर लगाया था और महिला मतदाताओं को यही कहकर अपनी तरफ करने की कोशिश की थी कि भाजपा ही है जो उनके मंगलसूत्र की रक्षा कर सकती है। श्री मोदी के ऐसे बयानों की पर्याप्त आलोचना हुई और सवाल उठे कि वे किस तरह मंगलसूत्र को चुनावी मुद्दा बना सकते हैं। अब मंगलसूत्र के बाद नरेन्द्र मोदी ने सिंदूर का प्रतीक अपनी रणनीति में शामिल किया है और कमाल देखिए कि इस बार विपक्ष सवाल नहीं उठा रहा, बल्कि सरकार के साथ खड़े होने का दावा कर रहा है। ऐसा होना भी था, क्योंकि विपक्ष आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सरकार के साथ है। इस ऑपरेशन का नाम सिंदूर न रखकर अ ब स कुछ भी रखा जाता, तब भी विपक्ष का रवैया यही रहता। लेकिन नरेन्द्र मोदी ने सिंदूर नाम के ऑपरेशन से दूरगामी बाजी जीतने का दांव चल दिया है। पहलगाम हमले में आतंकियों ने पुरुषों को खास तौर पर निशाना बनाया था और खबरें थीं कि उनसे धर्म भी पूछा गया था। इस लिहाज से व्याख्या करें तो हिंदू स्त्रियों की मांग से सिंदूर उजाड़ने का काम आतंकियों ने किया और इसका जवाब देते हुए ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने आतंकियों के ठिकानों को उजाड़ दिया।

> भारतीय संदर्भ में नाम कई तरह से प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हो ही जाता है, इसलिए शेक्सपियर कम से कम यहां नहीं लिख पाते कि गुलाब को गुलाब न कहो, तब भी वह खुशबू देगा। ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई बिना इस नाम के भी उतनी ही असरकार होती, लेकिन अभी उससे जो भावनात्मक मजबूती महसूस की जा रही है, यह शायद नाम का ही असर है।

दो हफ्तों से देश इंतजार कर रहा था कि कब सरकार पाकिस्तान के खिलाफ कोई कार्रवाई करेगी। इस इंतजार में देश के अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का बहाना विघ्नसंतोषियों को मिला और कई कश्मीरी नागरिकों व मुस्लिमों को जबरन प्रताड़ित किया गया। इस पर शहीद नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल ने अपील भी की थी कि आतंकियों से बदला लें, लेकिन किसी को धर्म के नाम पर न सताएं। गौरतलब है कि हिमांशी नरवाल पहलगाम हमले में विधवा हुई थीं, 16 अप्रैल को उनका विवाह हुआ था और 22 अप्रैल को उनके पति को आतंकियों ने मार दिया। उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई, जिसमें वे स्तब्ध अपने पति के शव के पास बैठी हैं। लेकिन इस घटना के बाद भी हिमांशी नरवाल ने हिम्मत का परिचय दिया और अपना दर्द बर्दाश्त करते हुए यही अपील की कि किसी निर्दोष को दर्द न मिले। कायदे से इस बात पर उनकी जी खोलकर सराहना होनी चाहिए थी लेकिन कुंठित सोच और नफरती कुनबे में बदल रहे समाज की तरफ से उन पर ऐसे-ऐसे लांछन लगाए गए जिनकी निंदा करने के लिए शब्द नहीं हैं। विनय नरवाल की श्रद्धांजलि सभा में जब हिमांशी नरवाल लोगों से मिल रही थीं तो उनके चेहरे पर जूम कर वीडियो बनाए गए कि उनकी आंखों में दर्द नहीं है।

किसी ने लिखा कि ये इतनी आराम से कैसे खड़ी है, जबकि इसका सुहाग उजड़े 20 दिन भी नहीं हुए। एक ट्रोलर ने तो हिमांशी पर आतंकियों से मिले होने तक का बेहूदा इल्जाम लगा दिया कि अपने पति को मरवाने में उसने साथ दिया और अब सरकार से मुआवजा लेकर वह अपने किसी कश्मीरी दोस्त से शादी कर लेगी। यानी जिसकी जैसी मर्जी हुई उसने हिमांशी नरवाल पर कीचड़ उछाला। हालांकि ऐसा करने वालों से ये नहीं देखा कि उन्होंने कितनी हिम्मत से अपने दर्द को समेटा है और समाज को एकजुट रखने की अपील की है। यह देखकर काफी अफसोस हुआ कि हरियाणा या केंद्र की भाजपा सरकार के किसी व्यक्ति ने ऐसे ट्रोलर्स को गलत नहीं कहा या खुलकर हिमांशी नरवाल के साथ वे खड़े हुए। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी ट्वीट कर टोलर्स की बात को गलत तो कहा, लेकिन सरकार से ऐसी कोई अपील नहीं की कि हिमांशी नरवाल पर कीचड़ उछालने वालों के सोशल मीडिया एकाउंट पर प्रतिबंध लगे। क्या ऐसे लोगों से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा नहीं था, यह सवाल अब भी सरकार के सामने है।

बहरहाल मंगलवार को हिमांशी नरवाल से मिलने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उनके करनाल स्थित घर पहुंचे। और मंगलवार की आधी रात को ही जब ऑपरेशन सिंदूर किया गया तो इसे हिमांशी समेत उन तमाम महिलाओं की उजड़ी मांग का बदला माना गया, जिनके पति पहलगाम हमले में मारे गए। इस लिहाज से ऑपरेशन सिंदूर इस कार्रवाई के लिए एक सटीक नाम माना जा रहा है और यहां श्री मोदी ने अपने रणनीतिक अंक बढ़वा लिए हैं। इस ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देश और दुनिया को जब बुधवार सुबह औपचारिक तौर पर दी गई तो इसमें भी विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने विस्तृत जानकारी दी कि किस तरह पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को चिन्हित किया गया, किस ठिकाने पर कौन से आतंकी संगठन का अड्डा था और पूरे ऑपरेशन में कितना वक्त लगा आदि।

सेना और सरकार की तरफ से यह भी एक माकूल कदम था कि दो महिला सैन्य अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी गई। हालांकि सेना में धर्म की पहचान गौण हो जाती है और कर्तव्यपरायणता ही सर्वोपरि रहती है, लेकिन फिर भी कर्नल सोफिया कुरैशी का सामने होना पाकिस्तान को कड़ा संदेश था और साथ ही देश के भीतर बैठे उन अराजक तत्वों को भी नसीहत थी कि धर्म के आधार पर विभाजन करने की कोशिश न की जाए, क्योंकि जब दुश्मनों को जवाब देने की बारी आती है तो भारतीय सेना में शामिल सारे धर्मों के लोग एक साथ मिलकर जवाब देते हैं। सोफिया का मतलब होता है बुद्धि और व्योमिका मतलब है आकाश की बेटी या आकाश में रहने वाली और दिलचस्प संयोग रहा कि भारतीय सेना ने बुद्धि और साहस दोनों के मेल से आकाश के जरिए ही आतंकियों को सबक सिखा दिया है।

भारतीय संदर्भ में नाम कई तरह से प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हो ही जाता है, इसलिए शेक्सपियर कम से कम यहां नहीं लिख पाते कि गुलाब को गुलाब न कहो, तब भी वह खुशबू देगा। ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई बिना इस नाम के भी उतनी ही असरकार होती, लेकिन अभी उससे जो भावनात्मक मजबूती महसूस की जा रही है, यह शायद नाम का ही असर है।

# भारत पहले सिंधु नदी के जल पर देश के वास्तविक नियंत्रण की तैयारी करे

■ अंजन रॉय

पानी में आसानी से आग लग सकती है। जब सिंधु नदी के जल की बात आती है, तो हम देख रहे हैं कि यह कितना ज्वलनशील हो सकता है - कम से कम अभी के लिए, मौखिक रूप से ही सही, विशेषकर भारत द्वारा सिंधु जलसंधि को निलंबित करने के बाद।

यह एक व्यापक सशस्त्र संघर्ष का केंद्र भी बन सकता है। लेकिन इसके साथ ही कुछ गंभीर विचार भी हैं। एक व्यापक या लंबे समय तक चलने वाले युद्ध से बचना भारत के हित में है, क्योंकि इससे भारत की आर्थिक वृद्धि पटरी से उतर सकती है। युद्ध से उच्च राजकोषीय घाटा, या आर्थिक नीति की बाध्यताओं से ध्यान भटकाना, विकास प्रक्रिया को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है।

भारत के लिए पाकिस्तान को दंडित करने का सबसे अच्छा तरीका यह होगा कि वह देश को आर्थिक रूप से भूखा रखे और उसके अंतिम आर्थिक दिवालियापन की ओर बढ़ाये, ताकि नागरिक जीवन पर सेना की पकड़ ढीली हो जाये। सिंधु जल संधि की बात करें तो जल संधि को स्थगित रखना अच्छी बात थी, लेकिन वास्तव में इसे लागू करना मुश्किल हो सकता है। और यहीं कहानी की असली कहानी है।

अब ऐसी खबरें हैं कि भारत बगलिहार बांध का उपयोग करके चिनाब नदी के प्रवाह को रोकने का प्रस्ताव रखता है। चिनाब एक पश्चिमी नदी है और संधि के तहत भारत केवल कुछ सीमित तरीकों से इसका उपयोग कर सकता है। यह एक रन-ऑफ-द-रिवर परियोजना है, जिसका अर्थ है कि केवल सीमित उपयोग। बगलिहार में 900 मेगावाट क्षमता का पनबिजली स्टेशन है। लेकिन इसकी भंडारण क्षमता सीमित है। ट्रे को अलग रखना और इसके पानी को मोड़ना वास्तव में पाकिस्तान की नस को काटना हो सकता है। देश अपने अस्तित्व के लिए इन पानी के उपयोग पर पूरी तरह से निर्भर है। लेकिन यह निर्णय आतंकवादी राज्य को तभी नुकसान पहुंचा सकता है जब पाकिस्तान में पानी का प्रवाह वास्तव में रुक जाये। इसका मतलब है कि भारत के पास इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वास्तविक बुनियादी ढांचा और साधन होने चाहिए।

सिंधु जल प्रणाली की पश्चिमी नदियां, साथ ही भारत से होकर बहने वाली पूर्वी नदियां, गर्मियों के महीनों में भारी मात्रा में पानी प्राप्त करती हैं, जब ग्लेशियर और हिमालय के ऊपरी हिस्से पर अधिक तापमान होने लगता है। हिमालय की पिघलती बर्फ नदियों में लाखों क्यूसेक पानी छोड़ती है।

भौगोलिक रूप से हिमालय को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा शीतल जल भंडार माना जाता है, अन्य दो हैं दोनों ध्रुवीय क्षेत्र, उत्तरी ध्रुव और अंटार्कटिका। सर्दियों के महीनों में गिरने वाली और जमने वाली बर्फ, उपमहाद्वीप में इन गर्म महीनों में पिघलने लगती है।

सिंधु जल प्रणाली में छह नदियां हैं, पूर्वी नदियां, ब्यास, सतलुज और रावी ये भारत की ओर जाती हैं। सिंधु, झेलम और चिनाब पाकिस्तान के हिस्से में आती हैं। पश्चिमी नदियों को पिघलते हिमालय से भारी मात्रा में पानी मिलता है।

लेकिन इन नदियों के ऊपरी इलाकों में पूरे मौसम में बढ़ते पानी को संग्रहित करने के लिए बहुत कम बुनियादी ढांचा उपलब्ध है। उन्हें रोके रखने से विनाशकारी बाढ़ आ सकती है और झरने के प्रवाह के विभिन्न स्तरों पर दबाव पड़ सकता है। इसके लिए बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के निर्माण की आवश्यकता होगी, जिसके लिए हाइड्रोलॉजिकल क्षमता और इंजीनियरिंग कौशल की आवश्यकता होगी।

जहां तक आम जानकारी है, वर्तमान में समग्र प्रवाह के किसी भी महत्वपूर्ण हिस्से को संग्रहित करने के लिए ऐसा बहुत कम बुनियादी ढांचा उपलब्ध है। 1960 के बाद से, हमने उच्च जल प्रवाह के मौसम में प्रवाह के कुछ हिस्सों को संग्रहित करने के लिए ऐसी कार्य योजना पर ज्यादा विचार नहीं किया है।

ऐसी कोई भी सुविचारित योजना बहुत बड़ा अंतर ला सकती थी। सिर्फ पाकिस्तान को दंडित करने के लिए नहीं, क्योंकि यह इस रणनीतिक सोच का केवल एक छोटा सा हिस्सा हो सकता है। ये पानी उत्तरी भागों में कृषि और खेती की गतिविधियों के साथ-साथ घरों में अच्छे पेयजल की आपूर्ति के लिए भी बहुत बड़ा अंतर ला सकते थे।

> ऐसी कोई भी सुविचारित योजना बहुत बड़ा अंतर ला सकती थी। सिर्फ पाकिस्तान को दंडित करने के लिए नहीं, क्योंकि यह इस रणनीतिक सोच का केवल एक छोटा सा हिस्सा हो सकता है। ये पानी उत्तरी भागों में कृषि और खेती की गतिविधियों के साथ-साथ घरों में अच्छे पेयजल की आपूर्ति के लिए भी बहुत बड़ा अंतर ला सकते थे।

अब, जब हम देख रहे हैं कि ये पानी क्या रणनीतिक हथियार हो सकते हैं, तो ऐसे कार्यक्रम के लिए एक एकीकृत योजना के बारे में सोचने का समय आ गया है। इसके लिए न केवल तकनीकी क्षमताओं और इंजीनियरिंग कौशल की आवश्यकता होगी, बल्कि बहुत अधिक धन की भी आवश्यकता होगी।

हमारे ज्ञान के लिए, हम पहले से ही देख रहे हैं कि चीन किस तरह से बहु-देशीय एशियाई नदियों के ऊपर सुविधाओं का निर्माण कर रहा है ताकि हिमालय की ऊपरी पहुंच में उपलब्ध विशाल जल संसाधनों का दोहन और उपयोग किया जा सके।

हमारे लिए यह बहुत बड़ी बात है कि चीन पहले से ही हिमालयी ऊपरी पहुंच में ब्रह्मपुत्र नदी को मोड़ने का काम कर रहा है, जहां यह भारत में प्रवेश करने से पहले पूर्वी हिमालय में एक तीव्र मोड़ लेती है। हमारी आपत्तियों के बावजूद चीन अपने मैदानों और कृषि भूमि को पानी देने के लिए त्सांग पो - ब्रह्मपुत्र का चीनी नाम - को मोड़ने की अपनी योजना पर आगे बढ़ रहा है।

एक बार जब यह परियोजना पूरी हो जाती है, तो भारत के उत्तर पूर्व के बड़े हिस्से, साथ ही बांग्लादेश भी शुष्क रेगिस्तान में बदल जायेंगे। हालांकि, चीन अन्य देशों के किसी भी विरोध पर ध्यान नहीं देता है।

हमें चीन से सीख लेनी चाहिए और सिंधु जल प्रणाली के लिए अपनी कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए ताकि इन प्रवाहों से अधिकतम लाभ उठाया जा सके।

सिंधु जल प्रणाली के लिए प्रतिस्पर्धा अभी शुरू हुई है। अब जबकि हमने लंबे समय तक प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध कर लिया है, तो योजना और उसके क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। भारत का खून बहने के बजाय, जैसा कि पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने धमकी दी है, नदी पर वास्तविक नियंत्रण हमारे देश भारत के हाथ में होना चाहिए।



## ललित सुरजन की कलम से

### परीक्षा की एक और घड़ी

*'हम घटनाचक्र की बारीकियों पर नहीं जाना चाहते। पाठकों के पास सूचनाओं की कमी नहीं है। मीडिया और सोशल मीडिया जो कुछ परोस रहा है उसमें तथ्यों को निकालना व घटनाओं का विश्लेषण करना आसान नहीं है, लेकिन विवेकशील नागरिकों को यह कष्ट उठाना ही चाहिए। उन्हें हम कहना चाहते हैं कि ऐसे कठिन समय भावनाओं में बहने से अपना याने देश का ही नुकसान होता है। यह समझना जरूरी है कि विभिन्न समुदायों के बीच अविश्वास, घृणा और हिंसा का माहौल बनाने के पीछे कौन सी ताकतें हैं और उनके मंसूबे क्या हैं। काश्मीर, पंजाब और असम से लेकर केरल और तमिलनाडु तक पूरे देश में समय-समय पर हमने हिंसा की वाला को न सिर्फ महसूस किया है बल्कि उसमें बार-बार जले भी हैं। यह सामान्य बुध्दि कहती है कि जब पड़ोसी का घर जलता है तो उसकी लपटों से हमारा घर भी नहीं बच सकता। इसलिए अपने पाठकों से निवेदन है कि वे किसी भी तरह से भावनाओं के उन्माद में न आएं और फेसबुक, ट्विटर, एसएमएस आदि का उपयोग भड़काने वाले बयानों के लिए न होने दें।'*

**( देशबन्धु में 18 अगस्त 2012 को प्रकाशित विशेष सम्पादकीय )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2012/08/blog-post_17.html

## पावन प्रसंग

### बंधन मुक्त हो हंमारा जीवन

मानवीय जीवन का यह स्वभाव है कि वह हर विचार-वस्तु से अपना तारतम्य स्थापित करने में सक्षम है अर्थात उसे किसी भी विषय को स्वीकारने में तनिक भी देर नहीं लगती। कारण कि वह बहुत समय से अभ्यस्त है एक निश्चित ढर्रे पर कार्य करने हेतु। उसकी पीड़ा यह है कि वह कर्म में लगती तो है, पर अपने वास्तविक -स्वभाव में अटल स्थिति होने में उसे विषय संयोग बाधा पहुंचाते हैं। उसकी महत्ता इसी में है कि वह अपने आप को कुप्रभावों से रहित करे, चाल-चलन के पार देखने का अभ्यास हो तथा जीवन को अधिक रसयुक्त बना सच्चे अर्थों में उसे नवीन बनाए। जिस दृष्टिकोण से चेतना परिष्कृत होती है। वह कोई और नहीं, उसका गुण-कर्म-स्वभाव का परिष्कार ही है। इसे ही हम आत्मिकी के विकास की प्राथमिक आवश्यकता कहते हैं। जीवन का यथार्थ पथ वही है, जो इस दृष्टिकोण को विकसित करता जाए. तथा जीवन से हर प्रकार के बंधन को मिटा, उसे स्वच्छ, निर्मल एवं पवित्र भी बनाता जाए।

जीवन बंधनग्रस्त कब होता है? जब उसे अपनी दिशा का पता नहीं लगता, जब वह अंधकार में यों ही रमण किया करता है, उसकी प्रतिभा का जागरण किसी उद्देश्य की प्राप्ति में नहीं हो पाता। हमें अपना जीवन ऐसा बनाना चाहिए, जो यथार्थ में जीवन संपदा का सच्चा सदुपयोग कर सके। उसे आवश्यकता है हमारी बंधनों एवं कुप्रभावों से विरक्ति तथा अनुकूल प्रयोजन को समझ उस दिशा में हमारा आगे बढ़ना।

जीवन का सत्य पथ वही है जो विवेक की अश्रुधारा से निकला हो, जिसे बनाने में आत्मा का धैर्य एवं पुरुषार्थ लगा हो, जो सच्चे अर्थों मैं हमें नवीन बनाए तथा चाल-चलन से परे सत्य के एकाधिकार में ले। हमारा जीवन किस महान दृष्टिकोण को अंगीकार करे इसे समझना हो तो एक काम करें। चुपचाप अकेले में यथावस्तु बैठ जाए। देखें कि क्या ऐसा है जो रोक रहा है हमें अपनी वास्तविक क्षमता के प्रदर्शन हेतु , ढूंढें कि किस मार्ग से हम आगे चलें, ताकि जीवन का सच्चा सदुपयोग अपनी प्रेरणा वशवर्ती हो सके। जीवन यथार्थ में उसी का बना है, जिसने अपनी आत्मा के संसर्ग को कौड़ियों के मोल नहीं बेचा जो इस सत्य से परिचित हो गया कि जीवन का एकांत पथ किसी और पर निर्भर नहीं, उसे तो स्वयं के ही दिशाचलन से पार किया जा सकता है। जीवन की यह अद्भुत महानता है कि उसे किसी अन्य का नहीं एकमात्र सत्य का आशीष तथा प्रेरणा का अनुपुंज चाहिए। प्रेरणा जितनी महान होगी जीवन उतना ही निखरता चला जाएगा। अंतत: उसे उस सुखसागर में वो मिलेगा, जिसे परमात्मा कहते हैं। इसलिए पूर्व तैयारी रखिए सभी कंटकाकीर्ण परिस्थितियों को स्वयं की अनदेखी में हुए क्रिया-कृत्यों को तथा मार्ग की अनेकानेक बाधाओं को हटाइए और यथार्थ पथ का अनुसंधान करिए।

- अखंड ज्योति

## आपके पत्र

### सरहद से घुसपैठ बड़ी समस्या

बेईमानी की आय से रातोंरात महल खड़ा करने की लालच ने बनाए बांग्लादेशी घुसपैठियों का हमदर्द। घुसपैठ बड़ी समस्या बनती जा रही है। सरहद पार से भारत में घुसपैठ की बढ़ती तादाद ने सरकार के कान खड़े कर दिए हैं। पग पग पर अनीति का साम्राज्य स्थापित होता जा रहा है। पैसे के लालच ने अंधा कर दिया है और रातों रात करोड़पति बनने के ख्वाब ने एजेंटों को देशद्रोही प्रवृति करने के लिए मजबूर कर दिया है। एक सर्वे के अनुसार देश में हजारों घुसपैठियों के घुसने और आधार कार्ड बनाकर रहने की खबर अखबार की सुर्खियों में रहती है। यह देश का दुर्भाग्य है कि भारत में हर रोज घुसपैठ की खबर टॉक ऑफ टाउन रहती है। लेकिन सीमा सुरक्षा के जवानों की आंखों में धूल झोंक कर भारत में आना आसान नहीं है इसलिए मेघालय के रास्ते दलालों के सहयोग से घुसपैठ करने की खबर दिल्ली में पकड़े गए 44 बांग्लादेशियों से प्राप्त हुई है। भारत की नागरिकता और आधार कार्ड आदि दस्तावेज बनाने के लिए एजेंट सक्रिय हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों का दिल्ली से चेन्नई तक तार जुड़े हुए हैं। चेन्नई पुलिस ने 33 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। भारत को धर्मशाला समझने वाले घुसपैठियों पर बराबर कार्रवाई होनी चाहिए। भारत में घुसपैठ का धंधा फल-फूल रहा है। लाखों की हेराफेरी करने वाले स्थानीय एजेंट इनके दस्तावेज बड़ी रकम ऐंठकर बनाते हैं। घुसपैठ की इस महामारी को खत्म करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को सख्त कदम उठाने होंगे। पुलिस को आशंका है कि सौ से अधिक आरोपितों को पकड़ा जा सकता है। मेघालय और पश्चिमी बंगाल के रास्ते घुसपैठियों की आसानी से एंट्री हो जाती है। यह देश के लिए घातक है। देश में फर्जी दस्तावेज बनाकर रह रहे घुसपैठिए को एजेंटों का बराबर सहयोग मिल रहा है। भारत को अपनी जागीर ज़मझने वाले को कानून के दायरे में लेना होगा। दिल्ली पुलिस ने इमिग्रेशन रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 44 घुसपैठियों को पकड़ा गया है। हमारे पड़ोसी देश से किस तरह से एजेंटों के सहयोग से बड़ा कारनामा किया जा रहा है। देशद्रोही प्रवृतियों में सलंग्न सभी अपराधियों पर कड़ी निगरानी करनी होगी। इस तरह की प्रवृति हर देश में निठल्ले और बेईमान लोगों की वजह से फल-फूल रही है। देश में अवैध रूप से रहकर अवैध कारोबार करने वाले लोगों को कड़ी से कड़ी सजा होनी चाहिए। दिल्ली पुलिस ने 11 आधार कार्ड, कम्प्यूटर और अनेक चौंकाने वाले दस्तावेज कब्जे में कर उनके खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजा गया है। पुलिस को मिली कामयाबी की वजह सरकार सख्त है। भारत में घुसपैठियों की पहचान कर देश से निकाल बाहर करना चाहिए। देश में जनसंख्या बढ़ाने की इस मुहिम में अंतरराष्ट्रीय गिरोह सक्रिय है। भारत की सरहदें मजबूत और चाक-चौबंद करने की अति आवश्यकता है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# 5 दिन बाद शहर की आधी आबादी को आज से मिलने लगेगा पानी

## बुधवार को टेस्टिंग के बाद भी नहीं भर पाई थी टंकियां, कई रिहायशी इलाकों में बूंद-बूंद पानी को तरसे लोग

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में रमनगरा जल शोधन से जबलपुर शहर के तीस से ज्यादा वार्डो में प्रभावित थी, जो धीरे-धीरे पटरी पर उतरने लगी है। आज गुरूवार से पानी की आपूर्ति सामान्य होने के आसार हैं। इसके पहले बुधवार को दोपहर बाद कुछ रिहायशी इलाकों में पानी आने लगा था, लेकिन इसका दायरा बहुत कम रहा। पानी उन्ही क्षेत्रों में आया जो टंकी के पास और मेन राइजिंग लाइन में आने वाला शुरूआत पानी था। वहीं व्यापक रूप से बुधवार को ज्यादातर वार्डो की जनता प्यासी रही। ननिज की आयुक्त प्रीति यादव ने पहले ही दावा कर दिया था कि बुधवार से क्षतिग्रस्त पाइप लाइन से टेस्टिंग के बाद पानी की आपूर्ति होने लगेगी।

गौरतलब है कि चार दिनो से नगर की बड़ी आबादी पानी से वंचित थी। मे जल संकट का असर मंगलवार को बरकरार था। वार्डो में टैंकरों से पानी की आपूर्ति की गई, लेकिन इसमें भी मांग के अनुरूप टैंकर रिहायशी इलाकों में नहीं पहुंचे। जिसके बाद पानी को लेकर कई जगह वाद विवाद की स्थिति भी निर्मित हो गई थी।

**गढ़ा जोन को नहीं मिला पानी-** बताया गया कि गढ़ा जोन अंतर्गत नब्बे फीसदी रिहायशी इलाकों में बुधवार को भी पानी की किल्लत थी। दोपहर से शाम तक लोग नलों को टक टकी लगाये देख रहे थे कि इतने दिनों बाद अब उनको पानी मिलने लगेगा लेकिन ज्यादातर लोगों को निराशा हाथ लगी। वहीं रामायण मंदिर के पास लोगों को दोपहर के पानी मिलने की बात कही गई है।

### नहीं भर पाई थी टंकियां

कहा गया कि सुधार कार्य के बाद पानी धीमी गति से आगे की तरफ बढ़ रहा था इसलिये रमनगरा से जुड़ी अधिकतर टंकियां भर नही पाई थी, उनमें इतना पानी नहीं आ पाया था जिसके बाद पूरे क्षेत्र के लोगों को पानी मिल सके।

# डॉक्टरों से नहीं करवा सकते बंधुआ मजदूर जैसे कार्य

## हाईकोर्ट ने दिये शैक्षणिक दस्तावेज लौटाने के निर्देश



**जबलपुर, देशबन्धु।** मेडिकल पीजी कोर्स करने के बाद पांच साल तक ग्रामीण क्षेत्र में सेवा देना का ब्रांड भरवाये जाने के चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। ब्रांड की शर्त अनुसार सेवा नहीं देने पर शैक्षणिक दस्तावेज लौटाने के एवज में पचास लाख रुपये जुर्माने के तौर में लिये जा रहे है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ताओं के षैक्षणिक दस्तावेज तत्काल लौटाने के आदेष जारी किये है। अंतिम निर्णय याचिका के अधीन रहेंगी।

चिरायु मेडिकल कॉलेज से मेडिकल पीजी कोर्स करने वाले डॉ वैभव दुआ,पुष्पेन्द्र सिंह तथा पुलकित षर्मा की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि एमबीबीएस में दाखिला लेने पर कोर्स पूर्ण करने के बाद एक साल तक ग्रामीण क्षेत्र में सेवा देने का ब्रांड भरवाया जाता है। मेडिकल पीजी में दाखिला लेने पर पांच साल तक ग्रामीण क्षेत्र में सेवा देना का ब्रांड भरवाया जाता है। ब्रांड की शर्त पूरी नहीं करने के एवज में प्रदेष सरकार के द्वारा पचास लाख रुपये जुर्माने के तौर पर लिये जाते है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर शैक्षणिक दस्तावेज नहीं लौटाये जाते है।

याचिकाकर्ताओं की तरफ से पैरवी करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने युगलपीठ को बताया कि याचिकाकर्ता को चिरायु मेडिकल कॉलेज में साल 2022 में मेडिकल पीजी सीट में दाखिला मिला था। दो साल का कोर्स पूरा करने बाद उन्हें 9 माह बाद नौकरी प्रदान की गयी। एमबीबीएस कोर्स में दाखिला लेने से लेकर पीजी कोर्स करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा देने के दौरान ही छात्र की आयु 35 साल से अधिक हो जाती है। इसके बाद वह स्पेशलिस्ट व सुपर स्पेशलिस्ट का कोर्स करता है तो उसकी आयु 40 साल से अधिक हो जाती है। इस प्रकार छात्र की आधी से अधिक आयु शैक्षणिक काल में गुजर जाती है।

रूरल एरिया ब्रांड के संबंध में लोकसभा में प्रश्न उठा था। लोकसभा ने आदेष पर नेशनल मेडिकल कमीशन ने प्रदेष सरकार को पत्र लिखकर रूरल ब्रांड को औचितहिन बताया था। इसके अलावा यह भी कहा गया था कि डॉक्टरों ने बंधुआ मजदूरों की तरह से कार्य नहीं लिया जा सकता है। एनएमसी ने इस संबंध में नेशनल टास्ट फोर्स का गठन किया था। टास्ट फोर्स की रिपोर्ट के कारण ब्रांड के कारण ही छात्र डिप्रेशन में जाकर आत्महत्या करते है। याचिकाकर्ता वैभव दुआ ईडब्ल्यूएस वर्ग का छात्र है। लोन लेकर वह पढाई कर रहा है और उसकी स्थिति ऐसी नहीं है कि वह 50 लाख रुपये जुर्माने की तौर पर जाम कर सके। मजबूरन पांच साल तक ग्रामीण क्षेत्र में सेवा देने के कारण आगे की पढाई प्रभावित होगी। युगल पीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेष जारी किये।



# मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के वाणिज्य विभाग में किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के वाणिज्य शाखा में 07 मई को डॉ. निर्मला गुप्ता के निर्देशन पर एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया, इस शिविर में डॉक्टर अंकिता के साथ राम सोलंकी, राधा लोधी के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा वाणिज्य शाखा के सभी कर्मचारी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें ब्लड प्रेशर, रेंडम ब्लड शुगर आदि की जांच की गई एवं अन्य बीमारियों से संबंधित जानकारी प्रदान करने के साथ ही ब्लड सैंपल एकत्रित किए गए।

इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा ने बताया कि जबलपुर रेल मंडल के स्वास्थ्य विभाग की ओर से ऐसे शिविर हमेशा लगाए जाते हैं इससे पहले भी मंडल की कई स्टेशनों पर इस प्रकार के शिविर लगाए गए हैं एवं छह रोग से संबंधित भी स्वास्थ्य शिविर लगाये जा चुके हैं और आगे भी रेलवे कर्मचारियों के लिए ऐसे स्वास्थ्य शिविर लगातार जारी रहेंगे।

जिससे रेलवे कर्मचारी एवं अधिकारियों का स्वास्थ्य परीक्षण समय-समय पर किया जा सके, यह एक बहुत ही सराहनीय कार्य है क्योंकि कर्मचारी नौकरी में व्यस्तता के कारण हमेशा हॉस्पिटल नहीं जा पाते हैं उनका स्वास्थ्य परीक्षण हो नहीं पता है लेकिन अब समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण होगा।

# 46 रेलकर्मी आज होंगे पुरस्कृत

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर मंडल के जिन टिकट जांच कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2024-25 में स्टेशन, यात्री उडनदस्ता में सराहनीय कार्य करते हुए राजस्व बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया उन 46 कर्मचारियों को आज पुरस्कृत किया जा रहा हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वारा इन कर्मियों को गुरुवार दोपहर साढ़े 3 बजे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में सम्मानित किया जाएगा। इन रेलकर्मियों में उमेश मिश्रा, राकेश शर्मा, सागर समुद्रे, राकेश सिंह, विनय खरे, रुमित सिंह, आशीष यादव, सुजीत कुमार, विनय भारद्वाज, वीरेंद्र यादव, एस के सिंह, डी बनर्जी, महेश समान, एम के मिश्रा, गणपत सिंह, चंद्रहास चौहान, आर के यादव, अनिल कुमार, संजय कुमार जैन, आशीष गर्ग, अजय कुमार राय, एसके बाइंड, सियाराम प्रसाद, रितेश गिरि गोस्वामी, बलवीर सिंह राणा, दिनेश कुमार पांडे, दिनेश कुमार पांडे, दयानंद रे, अंकुश कुमार, कमलेश सिन्हा, प्रीतम सिंह, संजय कुमार शाह, रतन कुमार, दिनेश कुमार, निधि सिंह, बरखा नागेश, राजेश कुमार, आदर्श अवस्थी, प्रिया पटेल, अजय कुमार यादव, जय शंकर प्रसाद, निर्मल कुमार मिश्रा, मोहित सूर्यवंशी, यशवंत लोधी, महफूज़ अहमद, आरती शर्मा एवं मनोज कुमार सिंह के नाम शामिल हैं।

# सास बहू कैरम मुकाबले में भिड़ी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुकाबले में मनोरंजक मोड़ जब उपस्थित हुआ जब सास बहू के बीच कैरम मुकाबला हो गया, 62 वर्षीय सास डॉ.चंद्रा चौधरी का कड़ा मुकाबला उनकी अपनी 30 वर्षीय बहू करिश्मा चौधरी से हुआ जिसमें डा.चंद्रा विनर रहीं एवं करिश्मा ने रनर का खिताब हासिल किया, वहीं सास ने प्राप्त सम्मान को अपनी बहू को देकर भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।



ग्रुप संरक्षक सुधीर जैन लक्ष्मी ने बतलाया कि आज सम्पन्न हुई इनडोर गेम्स प्रतियोगिता में बहुसंख्या में ग्रुप दंपति सदस्य एवं बच्चों की उपस्थिति रही एवं जबलपुर के दो प्रमुख स्टेडियम शिवनगर एवं राइट टाउन स्टेडियम में दो दिवसीय विभिन्न प्रतियोगिता सम्पन्न की गई ये विजयी खिलाड़ी भविष्य में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं।

# आपातकालीन परिस्थिति से निपटने हेतु रेलवे नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल के जबलपुर, मदन महल, अधारताल, कछपुरा, कटनी, कटनी मुडवारा, कटनी साउथ तथा न्यू कटनी जंक्शन स्टेशनों पर आज शाम 19ः30 से 19ः42 बजे तक नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। यह अभ्यास देशभर के 259 शहरों में नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य हवाई आक्रमण जैसी आपात परिस्थितियों में रेलवे कर्मचारियों की तैयारी, जागरूकता और समन्वय का परीक्षण करना था एवं आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए नागरिकों को तैयार करने और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से यह मॉक ड्रिल किया गया।

इसके साथ ही स्टेशनों पर यात्रियों को निरंतर मेगाफोन द्वारा आरपीएफ के साथ समन्वय बनाकर उद्घोषणा करते हुए इसकी जानकारी दी गई। इस समय टिकट चेकिंग स्टाफ हर प्लेटफार्म तथा गेट पर उपस्थित था। ब्लैकआउट समय पर वाणिज्य विभाग के निरीक्षकों द्वारा स्टेशनों पर पर्याप्त खानपान की उपलब्धता एवं खानपान स्टॉल पर कोई समस्या ना हो इसके लिए सभी स्टेशनों पर स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) एवं खंड मुख्य वाणिज्य निरीक्षक उपस्थित थे।

इस अभ्यास का नेतृत्व अलग-अलग स्टेशनों पर अलग-अलग अधिकारियों एवं निरीक्षकों द्वारा किया गया, उन्होंने प्रारंभ में सभी विभागों के एकत्रित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि हवाई हमले के रेड अलर्ट की स्थिति में क्या करें और क्या न करें।

# भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला करने पर तिरंगा लहराया व गुलाल उड़ाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** हिन्दू सेवा परिषद् के तत्वाधान में आज भारत माता चौक में उपस्थित होकर खुशी को व्यक्त किया क्योंकि भारतीय सेना द्वारा विगत रात्रि को पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के काई ठिकानों पर हमले किए गए जिसके कारण आतंकवादियों के मुख्य ट्रेनिंग कैंपों को नष्ट किया और बहुत सारे आतंकवादियों को मार गिराया। भारतीय सेना के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर सफलतापूर्वक संपन्न किया क्योंकि पहलगाम में हुए कायराना हमले की निंदा संपूर्ण भारत में थी, आज बदला लेने की यह शुरुआत है।



इस अवसर पर हिंदू सेवा परिषद् के कार्यकर्ताओं ने कहा धर्म की विजय हुई और शत्रुओं का विनाश हुआ भारत माता की जयकारों के साथ तिरंगा लहराया गया तथा भारतीय सेना के साथ खड़े रहने का संकल्प लिया गया और भारत सरकार से यह निवेदन किया गया कि इसी तरीके से दहशत फैलाने वाले सभी आतंकियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया जाए।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी, नितिन सोनपाली, निखिल कनौजिया,धीरज ज्ञानचंदानी, अंकित विश्वकर्मा,राज बेन,विनय राजपूत,पियुष कोरी, सागर ठाकुर,चेतन केवट, आदि उपस्थित रहे।



## भारत ने सिंदूर का बदला सिंदूर आप्रेशन से लिया : दंडी स्वामी

भा बहन बेटियों का आतंकियों ने सिंदूर मिटाया था, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखते हुए भारत ने आतंकियों के गढ में सिंदूर आप्रेशन से मिट्टी में मिला दिया, समस्त संत समाज की ओर से प्रधानमंत्री एवं सेना के तीनों अंगों(जल,थल,और वायु) को हृदय से आत्मिक साधुवाद देता है, दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज काली धाम काली मठ ने उक्त बयान जारी किया है, अन्य संतों और समाजिक, राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी देश की सेना को बधाई दी है।

# जबलपुर की टीम ने छिंदवाड़ा को 192 रनों से परास्त कर ट्रॉफी जीती



**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपीसीए के नीमखेड़ा स्थित मैदान पर खेली जा रही अंतर जिला सीनियर एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को जबलपुर की टीम ने छिंदवाड़ा को 192 रनों से परास्त कर ट्रॉफी जीत ली।

जबलपुर ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 45 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 292 रन बनाएं। दूसरे विकेट के लिए शिवम तिवारी एवं और राहुल कोष्टा के बीच हुई 96 रनों की महत्वपूर्ण पार्टनरशिप ने यह स्कोर संभव किया। शिवम तिवारी ने 80 राहुल कोष्टा ने 62 कमल त्रिपाठी ने 41 शुभांग पांडे ने नाबाद 31 और आशू यादव ने नाबाद 28 रन बनाए। छिंदवाड़ा के गुफरान ने तीन और वंदित जोशी ने दो विकेट लिए। इसके जवाब में छिंदवाड़ा की टीम ने बहुत ही खराब बल्लेबाजी की और पूरी टीम 25.4 ओवर में 101 रन बनाकर आउट हो गई। इसमें वंदित जोशी के 35 वेदांत जोशी के 13 तथा सेजल भादे के 13 रन शामिल है। जबलपुर की ओर से अजय मिश्रा और शिवम तिवारी ने तीन तीन तथा कमल त्रिपाठी ने दो और विनय और अनुज ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। फाइनल के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शिवम तिवारी को दिया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता और उपविजेता को वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी अचल सिंह गौर द्वारा ट्रॉफियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में विक्र म जनसारी, नितिन पांडे, विष्णु पटेल, सचिन गोस्वामी एवं प्रखर जैन उपस्थित थे।

# श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ में महाआरती महोत्सव

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में भगवती पीतांबरा माँ बगलामुखी माता जी का पञ्चपर्व महाआरती महोत्सव 08 मई दिन गुरुवार (वैशाख शुक्ल एकादशी ) से 12 मई 2025 दिन सोमवार (वैशाख शुक्ल पूर्णिमा) तक रात्रि 8.00 बजे पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द महाराज श्री के परम सान्निध्य में संपन्न होगी, भक्तों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

# पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं यूनियन बैंक से किया एग्रीमेंट

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने अपने कार्मिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ सैलरी पैकेज के लिए एग्रीमेंट किया है। कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह एवं निदेशक कॉमर्शियल मिलिन्द भांदक्कर के निर्देशन में किए गए एग्रीमेंट से पावर जनरेटिंग कंपनी में कार्यरत अभियंताओं व कार्मिकों को लाभ होगा।

कंपनी में कार्यरत कार्मिक स्वेच्छा से इन दोनों बैंको में से किसी भी बैंक से अपना वेतन प्राप्त कर सकते हैं जिससे कार्मिकों को बैंक द्वारा निःशुल्क जीवन बीमा व अन्य महत्वपूर्ण सुविधाएं निः शुल्क अथवा रियायती दरों पर प्राप्त होंगी।

प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी का एसबीआई व यूनियन बैंक से एग्रीमेंट होने से खाताधारक कंपनी कार्मिक को दोनों बैंक 1 करोड़ रूपए का दुर्घटना जीवन बीमा निःशुल्क प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त वेतन प्राप्त करने वाले खाता धारकों को बैंक से अन्य लाभ भी प्राप्त होंगे।

जिसमें निः शुल्क अथवा रियायती दरों पर होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन, लॉकर सुविधा, ओवर ड्राफ्ट, चेक, ऑनलाइन बैंकिंग सुविधा, जीवन बीमा, स्वास्थ बीमा, हेल्थ चैकअप, ओटीटी सब्सक्रिप्शन, ऑनलाइन जिम सब्सक्रिप्शन, निःशुल्क एयरपोर्ट लॉन्ज आदि शामिल है।

# स्वास्थ्य शिविर लगाने में आने वाली बाधा दूर की जायेः सोनू दुबे

**जबलपुर, देशबन्धु।** हर महीने की 8 तारीख को लगने वाले स्वास्थ्य शिविर को लेकर हो रही असुविधा को लेकर समाजसेवी सुधीर सोनू दुबे ने कलेक्टर दीपक सक्सेना से की मुलाकात, रांझी जन सुविधा केंद्र कार्यालय रावण पार्क के पास जो स्वास्थ्य शिविर मोतिया बिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन में 49 कैंप लगाकर लगभग 66000 लोगों को लाभ मिला इसी श्रृंखला में कंचनपुर, गोकलपुर, शोभापुर, उदय नगर, के मरीजों की सुविधा देखते हुए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शोभापुर ब्रिज के नीचे त्रि रत्ना स्कूल में 27 अप्रैल को लगाया गया था जिसमें जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन नवीन कोठारी जी द्वारा इस शिविर में डॉक्टरों की ड्यूटी एवं दवाईयो के वितरण के लिए आदेश जारी किया गया था।

जिसमें शिविर के दिन ना हीं जिला चिकित्सालय विक्टोरिया से डॉक्टर भेजे गए ना ही दवाइयां इस पर समाज सेवी ने आरोप लगाते हुए क्षेत्रीय विधायक के हस्तक्षेप के कारण पर जो नहीं चाहते की इस क्षेत्र में गरीब जनता का निशुल्क इलाज हो सके और लोग रांझी अस्पताल में धक्का खाकर लौट के आए क्योंकि जिस तरह एक सुनिश्चित स्थान पर शिविर लगाकर लोगों को तत्काल समाधान करता हूं वो रांझी शासकीय अस्पताल में नहीं हो सकता क्योंकि शिविर में सुबह डॉक्टर चेक करने के बाद शाम को 4: 00 बजे उन्हें तत्काल मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए हॉस्पिटल भेजा जाता है।

NH नेशनल हॉस्पिटल
स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग
● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2024-25
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200

JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121
janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 144
मुर्गा मीडियम - रु. 138
मुर्गा बड़ा - रु. 130
मुर्गा जम्बो - रु. 130
मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 126
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 134
छोटा ब्रॉयलर - रु. 140
मोबाइल नं. 9300692405

FOR PRIVATE SCREENING CALL +91 79999 68989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888
Wednesday Offer Flat ₹90/-
Offer valid for purchase food coupon
समदड़िया सिनेमा
Offer not valid for Raid 2 movie
RAID-2: 09:30AM 11:00AM 01:30PM 03:00PM 04:15PM 05:30PM 07:00PM 08:15PM 09:30PM 10:45PM
THUNDERBOLTS 3D(hindi): 10:15AM 12:30PM 05:30PM 10:30PM
THE BHOOTNI: 10:30AM 03:30PM 08:00PM
KESARI-2: 12:00PM 08:15PM
HIT (hindi): 02:30PM 10:55PM
PHULE (hindi): 01:00PM 06:00PM

# पवई धाम में श्री शिवसमराधान महायज्ञ सम्पन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वामी महेंद्रानन्द महाराज जी के नेतृत्व में चल रहे शिव समाराधना महा यज्ञ का आज सानंद समापन हुआ। वृंदावन धाम से पधारे हुए पूज्य इंद्रेश जी महाराज ने सबसे पहले कहा देश में युद्ध की स्थिति बन रही है हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि किसी बहन का भाई ,किसी पत्नी का पति ,ना कोई किसी मां का लाल ,ना कोई और की क्षति हो । भगवान भारत के हमारे नौजवानों को सामर्थ्य दें कि वह देश की रक्षा कर सके । और स्वामी महेंद्रानंद जी के पूछे बिना हम इस यज्ञ का जो पूर्ण फल हुआ है वह है राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित करते हैं । यदि देश को हमारे सब लोगों की आवश्यकता पड़े तो सभी को सजग और तैयार रहना है । तन मन धन से देश की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है । गीता में भगवान ने कहा अर्जुन से युद्ध के लिए तत्पर हो जाए बहुत अत्याचार भारत के साथ हो रहा है । आतंकवादी निरंतर भारतवासियों को निशाना बनाते रहते हैं अब मौका आ गया है और भारत को पीछे नहीं हटना है ।भारत अहिंसक है , धार्मिक है परंतु जो आतताई है ; वह वध के योग्य होते हैं ऐसा भागवत में कहा गया है । हम भगवान से प्रार्थना करते हैं हमारे देश की रक्षा हो ,हमारे तीर्थ की रक्षा हो और हमारे धर्म की रक्षा हो । फिर उन्होंने भागवत कथा का वाचन करते हुए सुदामा चरित्र सुनाया भगवान श्री कृष्ण चंद्र जी ने 16108 विवाह किए ।भौमासुर ने 16100 कन्याओं को बंदी बना लिया था और वह उनसे विवाह करना चाहते थे ।जब भगवान कृष्ण को पता चला वह गए और भौमासुर का वध करके कन्याओं को मुक्त किया। कन्याओं से कहा आप अपने-अपने घरों को चली जाओ । उन कन्याओं ने कहा हमारा संसार में कोई नहीं ।क्योंकि भले हम पवित्र हैं लोग हम पर विश्वास नहीं करेंगे और यही कहेंगे कि वही कन्याएं हैं जो भौमासुर के यहां रहकर आई वह कन्याओं ने कहा की प्राणनाथ अब आप ही हमें स्वीकार करिए। जिसका कोई नहीं होता है संसार में उसके आप होते हैं । इसलिए 16000 कन्याओ के रक्षक बनते हुए, समाज में उन्हें सम्मान दिलाने के लिए , उनसे श्रीकृष्ण ने विवाह किया । भागवत कथा के श्रवण से परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई और यह जो पवई धाम में अनुष्ठान चला , इसमें हनुमत सरकार की बहुत बड़ी कृपा है । यह क्षेत्र जो है बहुत पुण्य तीर्थ है बहुत प्राचीन तीर्थ है । यहां अनेक सिद्धों का निवास है , इसका पुनरुद्धार स्व.पंडित श्री हर प्रसाद जी पचौरी पटेल एवं स्व.श्रीमति शांति देवी ने किया है उनकी आत्मा को भगवान सदा अपने चरणों में रखें ।

## बारहवीं



अतन्या चौरसिया पुत्री दीपक चौरसिया - बायो 88.6 प्रतिशत | सारा सालोदकर पुत्री शशांक सालोदकर-मैथ्स 87.8 प्रतिशत

## ए.पी.एन स्कूल के हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जबलपुर, देशबन्धु। जबलपुर-माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं हाई स्कूल एवं कक्षा 12वीं हायर सेकेण्ड्री स्कूल का परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें शाला के छात्र/छात्राओं का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों को लगन एवं जिम्मेदारी से अध्यापन कार्य करवाया जाता है। जिसके परिणाम स्वरूप मण्डल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में हमारी शाला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शाला के प्राचार्य श्री अजय कुमार वर्मा उप-प्राचार्या मनु श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।**



अभिजीत वर्मा पुत्र कुलदीपेन्द्र कुमार-मैथ्स 87.8 प्रतिशत | कान्हा मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा-बायो 86.8 प्रतिशत



गौरीबुधौलिया पुत्री पंकज कुमार बुधौलिया-बायो 86.4 प्रतिशत | शिवेन नीखरा पुत्र जितेन्द्र नीखरा-मैथ्स 86.0 प्रतिशत | सुहानी गुप्ता पुत्री प्रवीण कुमार वैश्य- 86 प्रतिशत बायो | श्रेया पाण्डे पुत्री राजकुमार पाण्डे-बायो 86.0 प्रतिशत | आन्या सिंह चंदेल पुत्री अतुल सिंह चंदेल-बायो 86.0 प्रतिशत | आर्यन गुप्ता पुत्र सिद्धार्थ गुप्ता-मैथ्स 85.0 प्रतिशत | रेमा गॉडबिन पुत्री राजन बी गॉडबिन-बायो 84.0 प्रतिशत | तरूषी दुबे पुत्री राहुल दुबे -बायो 83.6 प्रतिशत



सर्वज्ञ जैन पुत्र राजेश जैन-मैथ्स 83.4 प्रतिशत | प्रिंसी मालवीय पुत्री ओमप्रकाश मालवीय-बायो 83.2 प्रतिशत | यशवंत कुमार पटेल पुत्र राजकुमार पटेल-मैथ्स 82.4 प्रतिशत | आलिया श्रीवास्तव पुत्री अभिलाष श्रीवास्तव-मैथ्स 82 प्रतिशत | सुयश शर्मा पुत्र उमेश दत्त शर्मा-मैथ्स 81.8 प्रतिशत | सौम्या गुप्ता पुत्री फूलचंद गुप्ता-मैथ्स 81.6 प्रतिशत | हितांश जैन पुत्र संदीप जैन-मैथ्स 81.4 प्रतिशत | पियुष सिंह यादव पुत्र यशवंत यादव -मैथ्स 81.0 प्रतिशत



प्रखर नागाईच पुत्र प्रशांत कुमार नागाईच-बायौ 80.8 प्रतिशत | तिया नागपाल पुत्री अमित नागपाल -मैथ्स 80.8 प्रतिशत | आश्मी सेकदार पुत्री आलोक सेकदार -मैथ्स 80.8 प्रतिशत | यतुषी सनमानी पुत्री अरविंद कुमार सनमानी-मैथ्स 80.6 प्रतिशत | रघुनंदन पटेल पुत्र बेनी प्रसाद पटेल-बायौ 80.6 प्रतिशत | समृद्धि यादव पुत्री गोविंद यादव -मैथ्स 80.4 प्रतिशत | भौमिक जैन पुत्र नीलेश कुमार जैन -मैथ्स 80.2 प्रतिशत | संवेदना ए वाघमारे पुत्री एपी वाघमारे -मैथ्स 80.2 प्रतिशतं

## दसवीं



शिखा रजक पुत्री सुनील रजक- 91.4 प्रतिशत | संकल्प कोष्टा पुत्र विकास कोष्टा- 86.4 प्रतिशत



पलक चेलानी पुत्री श्याम चेलानी- 86.4 प्रतिशत | तईबा अली खान पुत्री सरफराज़ खान- 86.2 प्रतिशत



रिषिका विश्वकर्मा पुत्री मुकेश विश्वकर्मा- 84.2 प्रतिशत | समीक्षा सेन पुत्री प्रदीप सेन- 81.4 प्रतिशत



तनिष्का पटेल पुत्री घनश्याम पटेल-80.4 प्रतिशत | अंशिका कुरील पुत्री बसंत कुरील-80.6 प्रतिशत

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 08 मई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। वैशाख शुक्ल पक्ष की एकादशी, नक्षत्र-उ.फा.।**

**मेष** – आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ** – सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन** – आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क-

**कर्क** – व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह** – प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या** – आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला** – नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक** – निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु** – आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर** – कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ** – आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन** – आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.



शिवानी पाटिल पुत्री गनेश पाटिल दसवीं, फर्स्ट डिवीजन



हर्षिता मिश्रा पुत्री अनंत मिश्रा 95 प्रतिशत दसवीं, फर्स्ट डिवीजन

## टाइम मैनेजमेंट से जीते कठिन परीक्षा



**जबलपुर, देशबन्धु।** 2 एमपी कन्या बटालियन एनसीसी शिविर में कैडेट्स के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट की क्लास लगी। वीएफजे में संचालित शिविर में जबलपुर सहित नरसिंहपुर, मंडला के 480 कैडेट्स ने हिस्सा लिया। शिविर में कैडेट्स ने स्ट्रेस मैनेजमेंट से जुड़ी जानकारी महिला कल्याण समिति एवीएनएल वीएफजे की अध्यक्ष रचना भोला ने दी। दस दिवसीय शिविर में कौशल विकास एवं आत्मअनुशासन का पाठ कैडेट्स सीख रहे हैं। उन्होंने पीपीपी के जरिए स्ट्रेज मैनेजमेंट से जुडी जानकारी बताई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अधिकांश लोग अवसाद से घिरे हुए हैं। वे जिन्दगी में खुशियों को खोज रहे हैं।

**युवा पहचानें अवसाद के कारण-** वक्ता ने कहा कि युवा वर्ग में पढ़ाई के साथ कॅरियर की चिंता बहुत है। इसका कारण यही है कि उनके मन में भटकाव बहुत है। इसके लिए जरूरी है कि वे लक्ष्य निर्धारित करें और सफलता पाने के लिए अग्रसर रहें। ऐसे में सही समय पर अवसाद के कारणों को पहचानना और उन्हें दूर करने के उपाय करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि समय का प्रबंधन कर नकारात्मक भावनाओं पर काबू पाया जा सकता है।

**चुनौतियों से भागे नहीं-** मुख्य वक्ता ने कहा कि युवाओं को प्रतियोगिता के इस दौरान में चुनौतियों की भागने की बजाय डटकर सामना करना चाहिए। अवसाद से निपटने में मेडिटेशन फायदेमंद होता है।

इसके साथ ही अच्छे लोगों के साथ रहना और संतुलित डाइट फॉलो करना तनावमुक्त रहना सिखाता है।

## मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाता है क्रॉसवर्ड



**जबलपुर, देशबन्धु।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत डिग्री कॉलेजों में राष्ट्रीय इंटर कॉलेज क्रॉसवड्र एक्सीडिशन चलाया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देकर नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ला ने बताया कहा कि क्रॉसवर्ड मानसिक एक्सरसाइज के तौर पर काम करता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग द्वारा क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता करवाई जा रही है। 11 मई को इसका एन राउंड शुरू होगा। प्रतिभागियों में तार्किक शक्ति, समस्या समाधान कौशल, ध्यान और एकाग्रता, रचनात्मक और निर्णय लेने की मानसिकता को बढ़ाने के अवसर मिलेंगे। इस प्रतियोगिता में नेशनल राउंड विजेता प्रथम को 25 हजार, द्वितीय को 20 हजार, तृतीय को 15 हजार की राशि और सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। यह प्रतियोगिता जोनल एवं नेशनल लेवल पर की जा रही है। जिसका उद्देश्य क्रॉसवर्ड के प्रति लोगों की मानसिकता बदलना है। प्रतियोगिता ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही स्तर पर आयोजित की जा रही है।

## सुलिपि-चित्रकला में माहिर बन रहे प्रतिभागी



**जबलपुर, देशबन्धु।** . एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में रामपुर मशाल परिसर में तीस दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर ड्रॉइंग-पेंटिंग व कैलीग्राफी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में बुधवार को प्रतिभागियों ने वॉटर व ऑइन कलर पेंटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

सुलिपि प्रशिक्षक संपदा बनोधा, निधि बेन, चित्रकार पल्लवी वर्मा ने बच्चों को ड्राइंग-पेंटिंग व कैलीग्राफी का प्रशिक्षण दे रहीं हैं। शिविर में प्रतिभागियों ने कविता, लेख, फाइल हेडिंग, स्लोगन, ग्रीटिंग कॉर्ड व पोस्टर तैयार किए। इसके साथ ही उन्हें पोट्रेट, लैंडस्केप का प्रशिक्षण, स्केचिंग, शेडिंग के गुर सिखाए गए। शिविर में संयोजक अजय उशकरवार, राकेश यादव व राकेश स्वामी का सहयोग मिल रहा है।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**



**श्री ईश्वर शरण कटरहा-** का स्वर्गवास हो गया है अंतिम संस्कार चौहानी मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।शंकर शरण कटरहा (बड़े भाई) अनुरोध, अनमोल (पुत्र) आशुतोष कटरहा।

**श्री हुकुमचंद कौशल-**



देशबन्धु समाचार पत्र के पूर्व वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कौशल पुन्नू भैया के पिता स्व. श्री हुकुमचंद कौशल वकील साहब आगा चौक निवासी का देवलोक गमन हो गया। रानीताल मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया । वे राजू कौशल, काजू कौशल, विनोद, के भाई तथा विकास, विशेष , कार्णिक ,हर्षल कौशल के चाचा थे।

**श्रीमती पद्मा दीक्षित-** साईं कॉलोनी संचार नगर निवासी श्री नरेंद्र दीक्षित की धर्मपत्नी श्रीमती पद्मा दीक्षित (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती भवानी बाई-** सिद्धबाबा वार्ड शारदा मंदिर के पास निवासी श्री छवि लाल की धर्मपत्नी श्रीमती भवानी बाई (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बबलू कोल-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री पूरन लाल कोल के पुत्र श्री बबलू कोल (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हरि लाल पटेल-** गुप्तेश्वर वार्ड निवासी श्री हरि लाल पटेल (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मेवा लाल पटेल-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री मेवा लाल पटेल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा पाठक-** आनंद कॉलोनी बल्देवबाग निवासी श्री वासुदेव प्रसाद पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा पाठक (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुषमा केवट-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री किशन लाल केवट की धर्मपत्नी श्रीमती सुषमा केवट (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लीलावती सिंह-** 301, आरबी थ्री रेल सौरभ कॉलोनी निवासी श्री मथुरा प्रसाद सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती लीलावती सिंह (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कौशल्या दुबे-** नानक नगर इंदिरा आवास कॉलोनी रांझी निवासी श्री सुरेश दुबे की धर्मपत्नी श्रीतमी कौशल्या दुबे (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# गांजे के साथ युवती सहित तीन पकड़ाए

## तस्करों के पास से पौने दो लाख का माल बरामद

**जबलपुर,देशबन्धु।** क्राईम ब्रांच की टीम ने माढ़ोताल व लार्डगंज पुलिस के साथ मिलकर एक युवती सहित तीन गांजा तस्करों को दबोचा है। जिनके पास से पुलिस ने 8 किलों 820 ग्राम गांजा कीमती एक लाख 76 हजार रुपये का बरामद किया है। पुलिस ने एक आरोपी के पास से 41 हजार पांच सौ रुपये की नगदी भी बरामद की है।



माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि क्राईम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवती व एक व्यक्ति ट्राली बैग व पिट्ठू बैग लेकर ग्रीनसिटी पुल दीनदयाल बस स्टैण्ड के पास खड़े, जिनके पास गांजा है। सूचना पर पुलिस ने तत्काल ही मौके पर दबिश दी। जहां से शायना खान उम्र 21 वर्ष निवासी सरकारी क्वाटर ब्लाक लेमा गार्डन गाजीमिया दरगाह के पीछे गोहलपुर एंव देवेन्द्र सोंधिया उम्र 31 वर्ष निवासी बड़ी संतोषी माता मंदिर के पास लालमाटी घमापुर वर्तमान पता पावर हाउस के पास मेडिकल कालेज गढ़ा को हिरासत में लिया। युवती के पास मिले पि-ू बैग के अंदर 2 पॉलिथीन के पैकेट में तथा देवेंद्र सोंधिया के कब्जे में रखे ट्राली बैग के अंदर 3 पॉलिथीन के पैकेट में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला। उक्त मादक पदार्थ गांजा की तौल करने पर कुल 7 किलो 590 ग्राम गांजा कीमती लगभग 1 लाख 52 हजार रुपये का होना पाया गया।

इसी प्रकार लार्डगंज पुलिस ने नारियल मंडी में हर्षित केसरवानी के घर में दबिश दी, जो कि अपने घर से गांजा बेच रहा था। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने की कोशिश की, जिसे पुलिस ने धर दबोचा। जिसके पास से पुलिस ने एक किलो 230 ग्राम गांजा बरामद किया। इसके साथ ही आरोपी के पास मिले बैग से पुलिस ने 41 हजार पांच सौ रुपये की नगदी व एक वन प्लस कंपनी का मोबाइल भी जप्त किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गांजे के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।

# मारपीट में आई चोट के कारण हुई थी युवक की मौत

## पुलिस ने दर्ज किया हत्या का प्रकरण

**जबलपुर,देशबन्धु।** मारपीट के आई चोट के कारण युवक की मौत हुई थी। पुलिस ने मर्ग जांच व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हें गिरफतार कर लिया है।

घमापुर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 मई को बबलू गोटिया राम मंदिर के समीप दुकान के समाने बस खड़ी शुभम गौड़ के साथ पैदल घर लौट रहा था। रास्ते में रास्ते में अंकित वंशकार , साहिल वंशकार, निक्की उर्फ नीरज उर्फ बहादुर वंशकार ने पुरानी रंजिश के कारण रोककर गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर तीनों ने शुभम के साथ मारपीट करने लगे। बबलू ने बीच बचाव किया तो सभी ने उसके साथ मारपीट प्रारंभ कर दी। मारपीट करने के बाद तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। मारपीट से बबलू को गर्दन, सिर, आँख के पास चोटे आ गयी थी।

घर पहुंचकर युवक ने मारपीट के संबंध में भाई को जानकारी दी और उसके साथ उपचार के लिए डॉक्टर के पास गया। चोट समझ में नहीं आने के कारण डाक्टर ने दवाइयां देते हुए इलाज के लिए विक्टोरिया ले जाने के लिए कहा था। युवक घर वापस आ गया और डॉक्टर की दवाइयां खाने लगा। जिसके बाद उसकी तबीयत खराब होने लगी और 6 मई को उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मर्ग जांच व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।



# परामर्शदात्री की बैठक कराने संघ ने सौंपा मांग पत्र

**जबलपुर,देशबन्धु।** अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स जिला अध्यक्ष योगेश चौधरी ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि जिले में शासन के विभिन्न विभाग में रोस्टर रजिस्टर का संधारण नहीं हो रहा है और न ही परामर्शदात्री समिति की बैठक हो रही है उसी तारतम्य में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जबलपुर संभाग में कार्यरत अधिकानी कर्मचारियों के अनुसूचित जाति/जनजाति का रोस्टर रजिस्टर का संधारण हर वर्ष किया जाता है जिससे की ज्ञात हो सके इस वर्ग के कितने पद भरे हैं और कितने रिक्त है लेकिन विगत 06-07 वर्षो से रोस्टर रजिस्टर का संधारण नहीं किया गया और न ही आपके विभाग में परामर्शदात्री की बैठक ली जा रही है जबकि शासन के नियमानुसार प्रत्येक तीन माह में परार्शदात्री की बैठक करायी जावे। जो कि खेद का विषय है। म.प्र. शासन आरक्षण अधिनियम वर्ष 2002 के तहत आरक्षण संबंधी नियमों का पालन करना आवश्यक है। संघ ने डॉ. संजय मिश्रा क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाऐं जबलपुर संभाग जबलपुर को यह मांगपत्र सौंपकर शीघ्र रोस्टर रजिस्टर संधारित कर परामर्शदात्री समिति की बैठक बुलाई जाए। अन्यथा की स्थिति में संघ आयोग आयोग जाने बाध्य होगा। जिसकी जवाबदारी विभाग प्रमुख की होगी। संघ के अजय सोनकर राजेन्द्र तेकाम, योगेश चौधरी, सुभाष खण्डारे, राकेश समुंद्रे, शेखलाल आर्मो, पवन बावरिया, सुखदेव झारिया, महेन्द्र चौधरी, अर्जुन, वीर सिंह, दीपक अहिरवार, बालकृष्ण उईके, मूलचंद अहिरवार, ऐबू डेविड, भानसिंह तेकाम, किशोर दाहिया, हिटलर अर्खेल, यशवंत करोसिया, महिपाल घसिया, बलराम कलशा, पप्पू गिरानिया, प्रशांत राव, दीपक अहिरवार, धर्मेन्द्र कुकरेले, गौरैया एवं वैयंकट आदि उपस्थित रहे।

# झपट्टा मारकर युवती का मोबाईल लूट ले गया बदमाश

## विजय नगर नचिकेता स्कूल के समीप वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** विजय नगर थना क्षेत्रातंर्गत नचिकेता स्कूल के समीप बीती रात मोबाईल पर बात करते हुए जा रहीं एक युवती को एक बदमाश ने लूट लिया। आरोपी ने झपट्टा मारकर युवती का मोबाईल छीना और मौके से फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि कु. प्रतिभा अहिरवार उम्र 22 वर्ष निवासी 90 क्वाटर विजय नगर बीती रात करीब साढ़े आठ बजे एसबीआई चौक के पास से अपने मोबाईल में बात करते हुये घर वापस जा रही थी। जैसे ही वह नचिकेता स्कूल के पीछे सर्वेन्ट क्वाटर के बाजू मे पहुंची तभी पीछे से एक लड़का मोटर सायकिल में आया एवं झपट्टा मारकर पोको कम्पनी का मोबाईल छीनकर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



# युवक पर चाकू से हमला

**जबलपुर,देशबन्धु।** हनुमानताल थाने में छोटी मदार टेकरी निवासी 38 वर्षीय सोयब खान ने शिकायत दर्ज करायी। जिसमें उसने बताया कि रात्रि एक बजे वह अपने घर के पास खड़ा था। उसी समय उबेश कुरैशी एक्सिस से आया और उसे धक्का दे दिया, जिससे उसने कहा कैसी गाड़ी चला रहे हो, इसी बात पर उबेश ने चाकू निकालकर उसके गाल पर हमला कर दिया। जिससे उसके चेहरे पर चोट आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



# कुख्यात सटोरिया मट्टू केशरवानी गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** कुख्यात सटोरिया मट्टू केसरवानी को लार्डगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कुख्यात सटोरिया लम्बे अर्से से क्षेत्र में सट्टा का अवैध कारोबार रहा था। पुलिस द्वारा दबिश देने पर वह फरार हो जाता था।

थाना प्रभारी लार्डगंज नवल सिंह आर्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि नारियल मंडी में मट्टू केसरवानी अपने घर के सामने अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिख रहा है। सूचना पर दबिश मट्टू केशवानी पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसका पीछा करते हुए प्रधान आरक्षक हरिओम मिश्रा ने उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से सट्टा पट्टी तथा 8 हजार 500 रुपये जब्त किये। आरोपी मट्टू लाल केसरवानी उम्र 70 वर्ष को पुलिस ने पूर्व में भी सट्टा का अवैध कारोबार करते हुए पकड़ा था। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

# गूगल पे अकाउंट हैक कर उड़ाए दो लाख 67 हजार

## पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ दर्ज किया प्रकरण

**जबलपुर,देशबन्धु।** गूगल पे अकाउंट हैक कर अज्ञात आरोपी ने 2 लाख 67 हजार रुपये बैंक खाते हुए उडा लिये। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया है। अधारताल थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय नगर शंकर चौक अधारताल हरि प्रसाद विश्वकर्मा का बैंक ऑफ इंडिया नेपियर टाउन शाखा में खाते था। बैंक खाते गूगल पे यूपीआई अकाउंट लिंक था। अज्ञात आरोपी के द्वारा गूगल पे अकाउंट को हैक करते हुए लगभग 14 से 15 फ्रॉड ट्रांजेक्शन अलग अलग यूपीआई आईडी में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किये गये। अज्ञात आरोपी के द्वारा गुगल पे अकाउंट हैक करते हुए बैंक खाते से 2 लाख 67 हजार 292 रुपये उड़ा लिये। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।




# रादुविवि ने गौड़ रानी की समाधि को बताया मकबरा

## दोषी व्यक्ति पर तीन साल तक मूल्यांकन व पेपर सेट करने विश्व विद्यालय प्रशासन ने लगाया प्रतिबंध

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिस गौड़ रानी दुर्गावती के नाम विश्वविद्यालय का नामकरण किया गया था,उसी से इतिहास के साथ विश्व विद्यालय प्रशासन के द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाष में आया है। गोंडवाना राज्य के लिए अकबर जैसे सम्राट की विशाल सेना से लोहा लेने वाली पराक्रमी रानी के बलिदान स्थल को विश्वविद्यालय प्रशासन सेट किये गये एग्जाम पेपर में मकबरा बताया गया है।

गौतलब है कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा विगत 3 मई को बीएससी द्वितीय वर्ष के महिला सशक्तिकरण विषय की परीक्षा थी। प्रश्न पत्र के 42 नंबर प्रश्न में पूछा गया था कि रानी दुर्गावती का मकरबा कहा बना है। उत्तर में बरेला जबलपुर,बम्हानी जबलपुर,चारगुंवा जबलपुर तथा डंडई जबलपुर चार ऑप्शन दिये गये थे। रानी दुर्गावती ने अकबर की सेना से लड़ते हुए गौर बरेला के नरई नाला के समीप वीरगति प्राप्त की थी। उनकी वीरता के सम्मान में नरई नाला के समीप प्रशासन ने समाधि स्थल का निर्माण भी करवाया है।

इसके बावजूद भी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के प्रशासन द्वारा तैयार किये प्रश्न पत्र में समाधि स्थल के स्थान पर मकबरा शब्द का प्रयोग किया। जिसका विरोध करते हुए एनएसयूआई के द्वारा विश्वविद्यालय में प्रदर्शन करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपनी गलती स्वीकार कर हुए खेद व्यक्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि पेपर सेट करने वाले दोषी व्यक्ति के खिलाफ एक्शन लिया गया है।

उसे तीन साल तक पेपर सेट तथा मूल्यांकन कार्य के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके अलावा उक्त प्रश्न को निरस्त कर दिया गया है। इसके अलावा पेपर सेट होने के बाद उसे जिन-जिन जिम्मेदार अधिकारियों ने चेक किया,इस संबंध में जांच के निर्देश दिये गये है। जांच में दोषी पाये जाने वाले सभी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# युवाओं को मिलेगा रंगमंच का प्रशिक्षण

**जबलपुर,देशबन्धु।** आर्यावर्त सांस्कृतिक संस्थान द्वारा महाराष्ट्र व्यायाम शाला, जबलपुर में 8 मई 2025 से 28 मई 2025 तक शाम 6 से 8 बजे, विशेष थिएटर वर्कशॉप का आयोजन किया रहा है। यह कार्यशाला थिएटर की बारीकियाँ को समझने और अभिनय के विभिन्न पहलुओं को सीखने के इच्छुक युवाओं के लिए आयोजित की जा रही है। वर्कशॉप में प्रतिभागियों को शारीरिक अभिव्यक्ति, संवाद अदायगी, कल्पनाशीलता, मंचीय जागरूकता, टीम वर्क, पात्र निर्माण, दृश्य प्रस्तुतिकरण, पटकथा विश्लेषण और अभिनय की विविध तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में अनुभवी रंगकर्मियों द्वारा सत्र संचालित किये जाएंगे, जो भागीदारों को थिएटर की व्यवहारिक समझ और आत्मविश्वास में वृद्धि और व्यक्तित्व विकास में सहायक होंगे। इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए आर्यावर्त सांस्कृतिक संस्थान, द्वितीय फ्लोर महाराष्ट्र व्यायाम शाला में संपर्क कर सकते हैं।

# चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** संभागीय कुशवाहा समाज पदाधिकारियों के आगामी 3 वर्ष 2025-2028 हेतु निर्वाचित किया जाना है। जिसके लिए मुझे मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने हेतु कुशवाहा धाम ग्वारीघाट पंचमुखी हनुमान मंदिर में संस्था का मुख्य निर्वाचन कार्यालय आगामी 1 माह तक चलेगा। जिसका समय सुबह 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक प्रतिदिन अवकाश दिवस को छोड़कर खुला रहेगा। कल 8 मई 2025 को सुबह 10.30 पर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन होगा। जहाँ चुनाव से संबंधित सभी जानकारी मेरे द्वारा अथवा मेरे सहायक निर्वाचन अधिकारी बैजनाथ पटेल के द्वारा प्रदान की जावेगी।

# लोकतंत्र सेनानी की पत्नी के उपचार की व्यय राशी का भुगतान पर करें विचार

## हाईकोर्ट ने दिये जबलपुर कलेक्टर को निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** लोकतंत्र सेनानी (मीसा बंदी ) की पत्नी के उपचार पर व्यय राशी का भुगतान शासन द्वारा इस आधार पर निरस्त कर दिया गया कि उसकी मृत्यु हो गयी है। जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाई कोर्ट जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए अपने आदेष में जिला कलेक्टर को निर्देशित किया है कि तीस दिनों में याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन का निराकरण करते हुए नियमानुसार आदेष पारित करें।

आदर्श नगर ग्वारीघाट रोड निवासी अजीत सिंह आनंद की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि वह पेष से डायवर है। उनकी मॉ हरजीत सिंह कौर की दिसम्बर 2023 को मृत्यु हो गयी। वह लकवा तथा हार्ट की बीमारी से ग्रस्ति थी। उनके पति सरकार भगत सिंह लोकतंत्र सेनानी थी और उनकी मौत के बाद मॉ को मीसाबंदी पेंशन मिलती थी। शासन का स्पष्ट नोटिफिकेशन है कि मीसाबंदी तथा उसकी पत्नी को गंभीर उपचार के लिए चिकित्सा सहायता अनुदान राशि प्रदान की जायेगी।

पूर्व में माँ के बीमार होने पर उसके द्वारा राशि व्यय की गयी राशि का भुगतान शासन द्वारा किया गया था। इसके बाद अक्टूबर 2023 में लकवाग्रस्त तथा हार्ट अटैक होने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। इस दौरान आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए याचिकाकर्ता ने जिला कलेक्टर के समक्ष चिकित्सा सहायता अनुदान के लिए आवेदन दिया था। जिला कलेक्टर ने मौखिक रूप से इलाज के दौरान व्यय होने वाली राशि का भुगतान कर दिये जाने का आश्वासन दिया था। जिसके कारण उसने कर्ज लेकर मॉ का उपचार करवाया। उपचार के दौरान उनकी 18 दिसंबर 2023 को मृत हो गयी। मॉ की मृत्यु के कारण शासन द्वारा चिकित्सा सहायता अनुदान राशि प्रदान करने से इंकार कर दिया गया। एकलपीठ ने याचिका का निराकरण करते हुए उक्त आदेष जारी किये। याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने अपना पक्ष स्वयं रखा।




# ओबीसी आरक्षण को लेकर संतों में जनहित याचिका दायर

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 फीसदी आरक्षण लागू करवाने और 13 प्रतिशत होल्ड पदों को अनहोल्ड कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। मामले पर जल्द सुनवाई होगी।

दरअसल, ओबीसी आरक्षण से जुड़े अधिकतर मामले सुप्रीम कोर्ट स्थानांतरित हो गए हैं। बचे हुए शेष मामलों में भी हाईकोर्ट में सुनवाई पर रोक है। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि अभी प्रदेश में ओबीसी को 14 फीसदी आरक्षण देते हुए सभी नियुक्तियों में 13 फीसदी पद होल्ड किए जा रहे हैं। सरकार का यह कहना है हक कोर्ट की रोक के कारण ऐसा किया जा रहा है। एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 21 मार्च 2025 को सरकार को यह स्वतंत्रता दी थी कि वह चाहे तो अलग से याचिका दायर कर सकती है। ऐसा नहीं होने पर ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में उक्त मांग को लेकर याचिका दायर की है।

# शिक्षक भर्ती प्रक्रिया अंतिम निर्णय के अधीन

## अतिथि शिक्षकों की उपेक्षा को चुनौती का मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में अतिथि शिक्षकों की उपेक्षा किए जाने के मामले पर अंतरिम आदेश जारी किया है। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने कहा है कि चयन प्रक्रिया के नतीजे इन याचिकाओं पर कोर्ट के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगे। यदि याचिकाएं मंजूर होती हैं तो फिर विभाग को विशेष परीक्षा कराकर उनके प्रकरणों पर विचार करना पड़ेगा।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी प्रीति त्रिपाठी व 13 अन्य की ओर से याचिकाएं दायर की गई थीं। न्यायालय को बताया गया कि वर्ष 2023-24 की शिक्षक भर्ती में पहली बार मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने अतिथि शिक्षकों के अनुभव प्रमाणपत्र को ऑनलाइन आवेदन में अनिवार्य दस्तावेज घोषित कर दिया। लेकिन कई जिलों में प्राचार्य और संबंधित अधिकारी निर्धारित प्रारूप में प्रमाणपत्र जारी नहीं कर पाये। इस कारण बड़ी संख्या में योग्य अतिथि शिक्षक आवेदन ही नहीं कर सके। जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# मारपीट के तीन आरोपियों को छह-छह माह की सजा

## अदालत ने एक-एक हजार का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी सोनू ठाकुर, आशीष ठाकुर व लक्की ठाकुर को छह-छह माह के कारावास व एक-एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि फरियादी मोह. इरफान 30 नवंबर 2014 को अपनी दुकान पर काम कर रहा था। उसी समय मोहल्ले के सोनू ठाकुर, आशीष व लकी ठाकुर पहुंचे और बोलने लगे कि उनकी बहन गाड़ी सुधरवाने आई है। जिस पर इरफान ने कहा कि मेरी दुकान में नहीं आई, आगे एक दुकान है वहां पता कर लो। इसी बात को लेकर तीनों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट करते हुए ब्लेड से हमला कर दिया। जिससे इरफान के दाहिने गाल में चोट आ गई। जिसकी शिकायत घमापुर थाने में दर्ज कराई गई थी। विचारण उपरांत न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं विशाल सिंह ने पक्ष रखा।

# वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन की बैठक आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन जबलपुर की मासिक बैठक हरिशंकर परसाई भवन में 8 मई को संध्या 5 बजे आयोजित की जाएगी, बैठक में कोर्ट केस इन्क्रीमेंट और ओव्हर टाईम के एफीडेविट के विषय में जानकारी दी जायेगी। बैठक में अध्यक्ष टी.के. रायघटक, महामंत्री डी.के. सिंह, एस.के. श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, एच.एल. जागड़े, दिनेश चौरे, आर.बी. शाह, अर्जुन कुमार, आर.आर.दुबे, विनायक राव सोरते, दिलीप कूंडे, नंदलाल कोष्टा, हरिसिंह, महेन्द्र नामदेव, रमाकांत कटियार, शंकर लाल विनोदिया, नारायण दाहिया, अब्दुल रहमान, ए.के. स्थापक, लखन लाल प्रजापति, एन.पी.सिंह, प्रीतम यादव, एस.बोस, नरेश कुमार नेमा, कामता प्रसाद, अजय सिंह ठाकुर, चन्द्रशेखर शर्मा, कुंदन सिंह, राजेन्द्र विश्वकर्मा, रामगोविंद पांडे, राजेन्द्र रजक, बिन्द्रा प्रसाद बड़गैया, नरसिंहदास सोनकर, विनोद बेन, नंदकिशोर सोनकर, एम.एल. अग्रवाल, घनश्याम सोनकर, हरिसिंह, श्याम सुंदर स्वामी ने उपस्थिति की अपील की है।

# नेंशनल तैराकी में तकनीकी अधिकारी नियुक्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** भारत सरकार खेल मंत्रालय द्वारा भारतीय तैराकी संघ के निर्देशन में दिनांक 01 से 09 मई तक गया (बिहार) में आयोजित हो रही ''खेलो इण्डिया'' जुनियर तैराकी प्रतियोगिता 2025 में संस्कारधानी के प्रतिभावान तैराक एवं रैफरी सिमोन पटेल तकनीकी अधिकारी बनाए गए। सिमोन की इस महत्वपूर्ण सफलता पर मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पियूश शर्मा, सचिव जय वर्मा, सह सचिव सीमांत द्विवेदी, सह सचिव सुनील कुमार पटेल, संजय पटेल अध्यक्ष जिला तैराकी संघ जबलपुर, जमना प्रसाद पटेल, उमेश पटेल, नवराज सिंह, एन.आई.एस. राजीव कुमार सिंह, नीतेश कछवाहा, शिवम पटेल, शिवम श्रीवास्तव, नन्दन बर्मन, आशीष पटेल, सी.पी. ठाकुर, एड. सुभाष गोलछा ने बधाई दी।

# ग्रामीण क्षेत्र में मॉकड्रिल : बजा सायरन, हुआ ब्लैक आउट



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** ग्रामीण क्षेत्रों में शासन के मॉकड्रिल के आदेशों के अनुपालन में, आज गांधीग्राम में ब्लैक आऊट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह अभ्यास संभावित आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए, गांधीग्राम में शाम को पूर्व निर्धारित समय पर बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद कर दी गई। इस दौरान, गांधीग्राम के निवासियों ने पूर्ण सहयोग देते हुए अपने घरों और प्रतिष्ठानों की सभी बत्तियाँ बंद रखीं, जिससे पूरे क्षेत्र में पूर्ण अंधेरा छा गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल, एडवोकेट राघवेन्द्र त्रिपाठी, वासुदेव मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, जुगल किशोर उपाध्याय, शिवदत मिश्रा, उत्तम तिवारी,देवशंकर तिवारी, चमन असाटी, कमलेश असाटी, डॉ धर्मेन्द्र पटेल, रवि चौरसिया, शिव तिवारी, जीतेन्द्र चौबे, आशीष त्रिपाठी, राजकुमार असाटी, राजू सोनी और आनन्द सोनी ने इस मॉकड्रिल को महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने कहा कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य निवासियों को किसी भी आपातकालीन स्थिति के दौरान सही ढंग से प्रतिक्रिया करने के लिए प्रशिक्षित करना था, और यह शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।अधिकारियों ने इस अभ्यास के दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा करते हुए बताया कि इन सीखों का उपयोग भविष्य की आपदा प्रबंधन योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में किया जाएगा।

गांधीग्राम के बस स्टैंड, ऊपर मोहल्ला, तालाब किनारे के वार्डों, बाजार वार्ड, आदिवासी वार्डों और हाइवे के तिराहे के आसपास के सभी वार्डों के निवासियों ने ब्लैक आऊट के नियमों का पूरी निष्ठा से पालन किया। यह मॉकड्रिल ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है, जिसमें गांधीग्राम के नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और प्रशासन के निर्देशों का पालन कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

## बजा सायरन बजते ही हुआ ब्लैक आउट

**पाटन, देशबन्धु।** केंद्र सरकार के निर्देश पर पाटन नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मॉकड्रिल का पालन किया गया। बताया गया है कि साढ़े 7 बजे से 12 मिनिट तक नगर की संपूर्ण बिजली जिसमें दुकान, मकान प्रतिष्ठान और सड़क पर भी वाहनों द्वारा पूरे 12 मिनट तक अपनी लाइट बंद रखी। पाटन चौराहे पर सायरन मशीन एवं पाटन थाने की पुलिस तथा राजस्व न्यायालय की टीम तैनात रही। वाहन जैसी स्थिति में वहीं पर खड़े रहने के निर्देश दिए गए थे। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लोकेश डावर ने सिविल कोर्ट चौराहे पर मोर्चा संभाला। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में भी नागरिकों के द्वारा 12 मिनिट तक अपने अपने घर की बिजली बंद कर एक जगह पर शांत मुद्रा में खड़े रहे। नगर एवं ग्रामीणों इलाकों में शासन प्रशासन के द्वारा जारी निर्देशों का पालन किया गया है।

## 12 मिनट ब्लैक आउट रहा पनागर

**पनागर, देशबन्धु।** नगर में मॉकड्रिल की तैयारी नगर पालिका में तहसील में एवं थाना प्रांगण में सुबह से ही चल रही थी जिसमे 7.30 पर साइरन बजा ओर 7.42 तक तय समय मे प्रेक्टिस की गई, जिसमें समस्त विभागों के मुख्य अधिकारी कर्मचारी आम जन को ट्रेनिग देते हुए दिखे एवम समस्त टेस्टिंग प्रबंधों का जायजा पनागर विधायक सुशील तिवारी नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष शर्मा तहसीलदार विकास जैन प्रजीत बंसोड़ थाना प्रभारी सहित मुख्य विभागों के कर्मचारी अंधेरे में सड़कों पर लोगो को जगरूक करते दिखे पनागर के विमल जैन आनंद जैन शेलेन्द्र साहू रामनिवास गौतम सोहेल खान दीपू विश्वकर्मा अंकित जैन नितिन गौतम तुलसी कुशवाहा ने बताया कि सरकार और प्रशासन का यह कदम लोगो को सुरक्षित करने में बहूत सराहनीय रहेगा।

## सायरन बजते ही नगर में छा गया अंधेरा लोगों ने अपने घरों की बुझा दी बत्तियां

**बरेला, देशबन्धु।** जिला प्रशासन के आवाहन पर नगर में मौक ड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें रात्रि 7.30 बजे हूटर बजते ही नगर में अंधेरा छा गया लोगों ने अपने घरों की बत्तियां बुझा दी तथा रोड में चलते हुए वाहन चालकों ने अपने वाहनों की लाइट बुझाकर किनारे पर लगा दिए तथा 10 से 12 मिनट तक एक ही स्थान पर खड़े रहे। नगर में हुई इस मॉकड्रिल में नगर परिषद सीएमओ संजय पांडे और थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा द्वारा जगह-जगह मुआयना किया गया एवं इस मॉकड्रिल में लोगों ने संपूर्ण सहयोग किया।

## सार-समाचार

### जबलपुर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग में नई नियुक्ति

**पनागर, देशबन्धु।** जबलपुर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी निजामुद्दीन कुरैशी और सह-प्रभारी लियाकत अली की सहमति से जनाब जावेद बेग को पनागर ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि जावेद बेग अपने ब्लाक और क्षेत्र का दौरा कर कांग्रेस संगठन को मजबूत करेंगे और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इसके अलावा, वे अल्पसंख्यक वर्ग की समस्याओं का समाधान करने के लिए पार्टी संगठन के साथ मिलकर काम करेंगे और समय-समय पर प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। ताहिर खोखर, जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) अल्पसंख्यक विभाग ने जावेद बेग को उनकी नई भूमिका के लिए शुभकामनाएं दी हैं। इस नियुक्ति के साथ, जावेद बेग पनागर ब्लाक में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और अल्पसंख्यक वर्ग के हितों की रक्षा करने के लिए काम करेंगे। इस नियुक्ति के साथ, जावेद बेग पनागर ब्लाक में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और अल्पसंख्यक वर्ग के हितों की रक्षा करने के लिए काम करेंगे।

### साक्षी पटेल का सुयश



**बरेला, देशबन्धु।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बरेला की वाणिज्य संकाय की छात्रा साक्षी पटेल ने मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 91.4 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि बरेला क्षेत्र के लिए भी गर्व का क्षण प्रदान किया।

छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ ही शाला की वाणिज्य शिक्षिका सोनाली ठाकुर और प्राचार्य आशीष कुमार पंड्या को दिया है। साक्षी ने कहा कि शिक्षिका सोनाली मैडम ने मुझे हर कदम पर प्रोत्साहित किया और कमजोरियों को दूर करने में मदद की। छात्रा ने कहा कि उसका लक्ष्य भविष्य में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना है। साक्षी बरेला निवासी चैन सिंह पटेल व चेना पटेल की सुपुत्री हैं।

### कांग्रेस सेवादल के स्थापक नारायण सुब्बाराव राव हार्डिकर का मनाया जन्मदिवस

**शहपुरा, देशबन्धु।** कांग्रेस सेवादल के स्थापक नारायण सुब्बाराव राव हार्डिकर का जन्म 1889 में आज के ही दिन का कर्नाटक में हुआ था। विद्यार्थी जीवन में ही उनके अंदर राष्ट्रीय भावना का उदय हुआ। बंग भंग के विरोध में आर्य बाल सभा का गठन किया। 1913 में उच्च शिक्षा प्राप्त करने अमेरिका गए, वहां हिंदुस्तान एसोसिएशन ऑफ अमेरिका से जुड़ गए। 1923 में हिंदुस्तान सेवादल की स्थापना की और स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुमन कुमार जैन ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एनएस हार्डिकर के जन्म दिवस के अवसर पर व्यक्त किए। राजेंद्र बन्धु ने कहा कि देश के प्रति उनके योगदान को देखते हुए 1952 में उन्हें राज्यसभा का सदस्य चुना गया। 1958 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल के संस्थापक रहे हैं।



सरदार दलवीर सिंह जस्सल ने कहा कि उनके द्वारा गठित कांग्रेस सेवा आज कांग्रेस की मजबूत नींव है जो संगठन को मजबूत किए हैं। नेक राम पटेल ने कहा कि सुब्बाराव राव का योगदान देश के स्वतंत्रता संग्राम में बहुत अहम रहा। अतुल जोसेफ ने कहा महात्मा गांधी जवाहरलाल नेहरू लाल बहादुर शास्त्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने हमेशा कांग्रेस सेवादल को महत्व दिया। राजकुमार जैन मामा ने कहा कि कांग्रेस सेवा दल आज पार्टी की मजबूत आधारशिला है। शाकिर कुरैशी ने कहा कि आज ही नहीं आजादी के पहले से कांग्रेस को मजबूती देने में कांग्रेस सेवा दल का अहम योगदान रहा है। इस अवसर पर डॉ. चंद्रेश जैन, डॉक्टर महेंद्र जैन, अमित जैन, युवा संजय जैन प्रभु शाहिद भाई जानहाजी हामिद खान निर्मल चंद जैन डॉक्टर अलीम मंसूरी अब्दुल रहमान मलिक अभिमन्यु शर्मा ने उनके जन्म दिवस पर सादर नमन व्यक्त किया।

## संकुलों में पात्र शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया रुकी

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** जबलपुर में शिक्षकों की पदोन्नति और एरियर्स में देरी से आक्रोश जबलपुर के कुछ संकुलों में पात्र शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया रुकी हुई है, जिससे शिक्षकों में नाराजगी है। प्राथमिक शिक्षकों की 24 वर्षीय क्रमोन्नति और उनके एरियर्स पिछले तीन महीनों से लंबित हैं।

कुछ प्राथमिक शिक्षकों की पदोन्नति और देय एरियर्स का भुगतान अप्रैल और मई के वेतन में भी नहीं किया गया है। इसके परिणामस्वरूप, शिक्षकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है क्योंकि उनके मूल वेतन का 10त्न गृहभाड़ा भत्ता (एचआरए) भी कम हो गया है। इसके अतिरिक्त, कुछ शिक्षकों के पहले से वेतन के साथ जुड़े हुए सिटी अलाउंस को भी हटा दिया गया है। शिक्षकों की इस समस्या को देखते हुए, जिला शिक्षा अधिकारी महोदय से ऐसे सभी संकुलों पर उचित कार्यवाही की मांग संध्या अवस्थी, सीमा सिंह,अमिता कौर, ज्योत्सना उपाध्याय, विनीता सिंह ,राकेश उपाध्याय, दीपक पटेल, विजय तिवारी, अजय सिंह ठाकुर, प्रदीप पटेल, उमाकांत पटेल, योगेन्द्र मिश्रा, सालिगराम पटेल आदि ने की है।

## पवई धाम में श्री शिव समाराधान महायज्ञ आयोजित

**पाटन, देशबन्धु।** स्वामी महेंद्रानन्द महाराज के नेतृत्व में चल रहे शिव समाराधना महायज्ञ का आज सानंद समापन हुआ। वृंदावन धाम से पधारे हुए पूज्य इंद्रेश जी महाराज ने सबसे पहले कहा देश में युद्ध की स्थिति बन रही है हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि किसी बहन का भाई, किसी पत्नी का पति,ना कोई किसी मां का लाल, ना कोई और की क्षति हो।

भगवान भारत के हमारे नौजवानों को सामर्थ्य दें कि वह देश की रक्षा कर सके। स्वामी महेंद्रानंद के पूछे बिना हम इस यज्ञ का जो पूर्ण फल हुआ है



वह है राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित करते हैं। यदि देश को हमारे सब लोगों की आवश्यकता पड़े तो सभी को सजग और तैयार रहना है। तन मन धन से देश की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। आतंकवादी निरंतर भारतवासियों को निशाना बनाते रहते हैं अब मौका आ गया है और भारत को पीछे नहीं हटना है। भारत अहिंसक है,धार्मिक है परंतु जो आतताई है,वह वध के योग्य होते हैं ऐसा भागवत में कहा गया है। हम भगवान से प्रार्थना करते हैं हमारे देश की रक्षा हो ,हमारे तीर्थ की रक्षा हो और हमारे धर्म की रक्षा हो। फिर उन्होंने भागवत कथा का वाचन करते हुए सुदामा चरित्र सुनाया भगवान श्री कृष्ण चंद्र जी ने 16108 विवाह किए।भौमासुर ने 16100 कन्याओं को बंदी बना लिया था और वह उनसे विवाह करना चाहते थे।

## खरीदी केंद्र में तौल के लिए परेशान हो रहे किसान

**बरेला,देशबन्धु।** शासन द्वारा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए जगह-जगह खरीदे केंद्र स्थापित किए गए हैं ताकि किसानों को बगैर किसी परेशानी केउनकी फसल का सही मूल्य मिल सके तथा जिला प्रशासन द्वारा भी किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीदी का निरंतर आश्वासन दिया जाता है तथा खरीदी केंद्र पर सभी प्रकार की व्यवस्थाएं दुरुस्त होने का दावा किया जाता है कि इसके बावजूद भी खरीदी केंद्र में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा किसानों को अपनी फसल की तौल के लिए हफ्तों हफ्तों इंतजार करना पड़ता है।

इसके कारण उनको इस बदलते मौसम में अपनी फसल की तकवारी के लिए परेशान होना पड़ रहा है तथा अपनी फसल को तुलवाने के लिए उन्हें खरीद केंद्र के संचालकों की मनचाही इच्छा को भी पूर्ण करना पड़ रहा है उसके बाद ही वह अपनी फसल विक्रय कर पा रहे।। बताया जाता है कि नगर से समीप स्थित ग्राम पुरवा में शिवांशी वेयरहाउस में शासन द्वारा खरीदी केंद्र स्थापित किया गया है इस खरीदी केंद्र में महिला स्व सहायता समूह द्वारा खरीदी संबंधी प्रक्रियाएं संचालित की जा रही हैं। इस केंद्र में किसानों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है बताया जाता है कि यहां पर अपनी फसल विक्रय करने आए किसानों का कहना है कि इस खरीदी केंद्र में अपनी फसल की तौल ल के लिए उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ रहा है तथा तोल की एवज में किसानों से मनचाही राशि भी मांगी जा रही है इस संबंध में ग्राम हिनोतिया निवासी उमेश दुबे का कहना है कि वह अपनी फसल बेचने के लिए विगत एक हफ्ते दस दिन से खरीदी केंद्र में पड़े हुए हैं।

किंतु उसके बावजूद भी उनकी फसल की तौल नहीं हो रही है जबकि यहां पर बिचौलियों के माध्यम से आए हुए अन्य किसानों की गेहूं तत्काल ही तोली जा रही है तथा तुलाई के नाम पर भी किसानों से अतिरिक्त गेहूं लिए जा रहा है तथा पल्लेदारी और सिलाई के नाम पर उनसे खर्च की भी मांग की जा रही है। उन्होंने बताया कि उनका और उनके दादाजी के नाम पर लगभग 160 क्विंटल गेहूं बिक्री का पंजीयन है किंतु उन्हें अपने गेहूं के तौल की बारी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

यहां पर स्व सहायता समूह द्वारा भी बिचौलिए लगा रखे हैं जो कि किसानों से तौ ल के नाम पर ?50 प्रति क्विंटल वसूल रहे हैं तथा संचालकों की इच्छा पूर्ति के पश्चात ही उनको गेहूं की तौल की रसीद दी जा रही है अन्यथा किसानों को अपनी फसल के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। बताया जाता है की शासन द्वारा किसानों को सभी तरह की सुविधा निशुल्क दी जाती हैं किंतु इसके बावजूद भी खरीदी केदो में संचालकों द्वारा किसानों से तौल के नाम पर की बेवजह वसूली की जाती है।

किसानों ने इस खरीदी केंद्र की उच्च अधिकारियों से निरीक्षण की मांग की है। ज्ञात होकि अभी कुछ दिन पूर्व ही इस खरीदी केंद्र का एक वीडियो वायरल हुआ था इसमें खरीदी केंद्र संचालकों द्वारा बारिश के समय गेहूं की कोई व्यवस्था नहीं की गई थी तथा किसानों का हजारों क्विंटल गेहूं भीग गया था। किसानों ने इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक और जनप्रतिनिधियों से भी कार्रवाई की मांग की है।

## आचार्य भक्ति में दूर-दूर से पहुंच रहे हैं भक्तजन



**पनागर, देशबन्धु।** नगर में विराजमान परम पूज्य आचार्य रतन संत शिरोमणि विद्यासागर महाराज के परम शिष्य 108 आचार्य समय सागर महाराज के प्रतिदिन साइन 5.30 बजे श्री जैन बड़े मंदिर शांतिनाथ भगवान के जिनालय में स्थित स्थित संत भवन के पास आचार्य भक्ति की जा रही है और पनागर के अलावा कटंगी पाटन शहपुरा पाटन सहजपुर भेड़ाघाट बरेला गोसलपुर सिहोरा सेहत आसपास के अन्य स्थानों से भी भक्तजन पुरुष माताएं युवा वर्ग पहुंच कर आचार्य भक्ति में सम्मिलित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं। श्री पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव का आयोजन 14 में से होने जा रहा है। भक्तजनों का दूर-दूर से ताता लगा हुआ है।

## गांधीग्राम में गंदगी का आलम, महीनों नहीं होती है सफाई

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** जबलपुर जिले की बड़ी पंचायतों में शुमार और सर्वाधिक राजस्व देने वाली ग्राम पंचायत गांधीग्राम (बुढ़ागर) में चारों ओर गंदगी का साम्राज्य पसरा हुआ है। गांव की गलियों से लेकर खेल मैदान तक कचरे और गंदगी से अटे पड़े हैं। हालात यह हैं कि ग्राम पंचायत में लगभग एक दर्जन सफाई कर्मी होने के बावजूद, गांव के हर गली-चौराहे पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है।



सफाई व्यवस्था के संबंध में जब पंचायत प्रशासन के जिम्मेदारों से जानकारी ली गई, तो पंचायत में कार्यरत कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि 1500 की आबादी वाली इस बड़ी ग्राम पंचायत में पहले से ही सफाई कर्मियों की कमी है। इसके अलावा, सरपंच के परिवार के कई सदस्य पंचायत के कामकाज में दखल देते हैं।

कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें अक्सर अपना काम बीच में छोड़कर सरपंच के रिश्तेदारों के यहां सफाई करने जाना पड़ता है, जिसके कारण उनका नियमित काम अधूरा रह जाता है और वह गंदगी में तब्दील हो जाता है। चुने हुए पंचों को जवाबदेही शून्य- गांव के निवासियों का कहना है कि महीनों तक नालियां साफ नहीं होतीं और यदि हो भी जाएं तो कचरा और झाड़ू महीनों तक नहीं लगते। वहीं, ग्राम पंचायत में कार्यरत सरपंच के रिश्तेदारों के घरों के आसपास हमेशा साफ-सुथरा माहौल रहता है। नियमानुसार, ग्राम पंचायत में 20 पंच हैं और गांव की व्यवस्था चलाने के लिए पंचों को सफाई प्रभारी, बाजार बैठकी प्रभारी, मेला प्रभारी, नवनिर्माण प्रभारी, जल प्रभारी आदि नियुक्त कर कार्य विभाजन किया जा सकता है। हालांकि, गांधीग्राम में सरपंच के ससुर और पूर्व जनपद सदस्य व ससुराल पक्ष ही सारी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, जिससे चुने हुए जनप्रतिनिधियों की भूमिका सीमित हो गई है। भारी वाहनों के दबाव से जर्जर हो गई नालियां- आदिवासी वार्ड क्रमांक 01 एवं 02 की महिलाओं, इतवारिया बाई, बैसाखीया बाई, कुसुम बाई कोल आदि ने बताया कि उनके वार्ड की सड़कें और नालियां 25-30 वर्ष पुरानी हैं और वार्ड से भारी वाहनों का लगातार आवागमन रहता है, जिससे सड़कें और नालियां जर्जर हो चुकी हैं। भारी वाहनों के दबाव से मिट्टी और पत्थर नाली में गिरकर उसे जाम कर देते हैं। महीनों तक ग्राम पंचायत से शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती, जिसके कारण उन्हें खुद ही गंदी नालियों से ईंट, पत्थर और घास निकालकर साफ करना पड़ता है।

जनप्रतिनिधियों के वार्डों की समस्याओं का हल नहीं- ग्राम पंचायत के वार्ड पंचों, जितेंद्र यादव, शैंकी चौरसिया, चंदा रामस्वरूप चौहटेल आदि ने बताया कि बार-बार गुहार लगाने के बाद भी व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं आ रहा है। जनप्रतिनिधियों के वार्डों की समस्याएं हल नहीं हो पा रही हैं, जिससे नाराज मतदाता उन्हें भी खरी-खोटी सुनाते हैं।

वार्ड नंबर 01 एवं 02 के निवासियों, शंकर लाल कोल, जितेंद्र चक्रवर्ती, माया श्रीवास्तव, गीता कोल, गोमती बाई बर्मन आदि ने बताया कि वार्ड नंबर 1, 2, 3 स्थित मुख्य चौराहे पर वर्षों पुरानी पुलिया धंस जाने के कारण नालियां हर पखवाड़े में जाम हो जाती हैं, जिससे गंदा पानी पूरी सड़क पर फैल जाता है। पास में ही आंगनवाड़ी क्रमांक 3 एवं वार्ड नंबर 1 में आदर्श आंगनवाड़ी है, जहां सैकड़ों बच्चे रोजाना भोजन करने आते हैं।

### सबसे अधिक परेशानी गांव के आदिवासी मोहल्लों में

वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 7, 8, भूमिया मोहल्ला और धमकी में देखने को मिल रही है। यहां आदिवासी वृद्ध महिलाएं खुद ही हाथों से नालियों से कचरा, मैला, गंदगी और पत्थर निकालने के साथ-साथ नालियों के आसपास उगी घास भी साफ करने के लिए मजबूर हैं। इन गरीब और अशिक्षित वृद्ध महिलाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है और सवाल उठता है कि यदि वे किसी गंभीर बीमारी का शिकार होती हैं तो इसका जिम्मेदार कौन होगा?

ऐसे में संक्रामक बीमारियों फैलने का खतरा बना हुआ है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष ग्राम पंचायत के पोषित ग्राम धमकी के आदिवासी मोहल्ले में गंदगी से डायरिया फैलने के कारण तीन मौतें हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद पंचायत प्रशासन की नींद नहीं खुली है।ग्राम के बुढ़ान सागर तालाब किनारे स्थित बर्मन मोहल्ला, साहू मोहल्ला, चक्रवर्ती मोहल्ला, कोरी मोहल्ला, भूमिया मोहल्ला, जवारे वाली नीम के ऊपर वाली गली, जीएस मार्केट के बाजू वाली गली, कूड़ा कंजई तिराहा से ऊपर टंकी मोहल्ला वाली गली और सहकारी समिति गांधीग्राम के बाजू वाली गली में 6-6 महीनों तक न तो नाली साफ होती है और न ही झाड़ू लगती है। दशहरा, दिवाली, ईद, मुहर्रम जैसे खास अवसरों पर भी इन मोहल्लों में सफाई नहीं होती।

## कोई सुन ना ले बात, पाकिस्तानी सांसद भी खौफ में, नेशनल असेंबली की बहस का लाइव प्रसारण बंद

**इस्लामाबाद।** जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों के हमले में बेगुनाह पर्यटकों की शहादत के बाद पाकिस्तानी सांसद भी भारत की जवाबी कार्रवाई के खौफ में हैं। नेशनल असेंबली में दो दिन से भारत के संभावित ऐक्शन को लेकर बहस चल रही है लेकिन स्पीकर ने कार्यवाही का लाइव प्रसारण ही बंद करवा रखा है। सरकारी टीवी के हवाले से सिर्फ सरकार के लोगों की चुनिंदा बात बाहर आ रही है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब ने स्पीकर से शिकायत की है कि उनकी बात बाहर नहीं जा रही है पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने पहलगाम हमले को लेकर भारत के जवाब और सिंधु जल समझौता को निलंबित करने के बाद पैदा हालात पर बहस के लिए नेशनल असेंबली का सोमवार से सत्र बुलाया था। सोमवार और मंगलवार दो दिन बहस हो चुकी है लेकिन अंदर की बात बाहर नहीं आ पा रही है। स्पीकर अयाज सादिक ने यूट्यूब और फेसबुक पर कार्यवाही का लाइव प्रसारण बंद करवा रखा है। सरकारी चैनल पीटीवी सिर्फ सत्ता पक्ष के नेताओं के गिने-चुने भाषण दिखा रहा है।

# नारी शक्ति ने दी 'ऑपरेशन सिंदूर' की जानकारी

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भारतीय सेना, वायुसेना और विदेश मंत्रालय ने संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग की, जिसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह और भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी शामिल हुईं। सैन्य अधिकारियों ने आतंकी ठिकानों पर किए गए हमले की क्लिप भी दिखाई।

प्रेस ब्रीफिंग में कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा, पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। नौ आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया गया। पाकिस्तान में पिछले तीन दशकों से आतंकवादी इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा था, जो पाकिस्तान और पीओके दोनों में फैला हुआ है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा, मैं आपको बताना चाहूंगी कि पीओजेके में पहला लक्ष्य मुजफ्फराबाद में सवाई नाला कैंप था, जो नियंत्रण रेखा से 30 किलोमीटर दूर स्थित है।

यह लश्कर-ए-तैयबा का प्रशिक्षण केंद्र था। 20 अक्टूबर 2024 को सोनमर्ग, 24 अक्टूबर 2024 को गुलमर्ग और 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए हमलों में शामिल आतंकवादियों ने यहीं से प्रशिक्षण प्राप्त किया था। वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया, रात 1 बजकर पांच मिनट से 1 बजकर 30 मिनट के बीच हमला किया गया। पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। नौ आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया गया और



सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया गया। नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान से बचाने और किसी भी नागरिक की जान को नुकसान से बचाने के लिए स्थानों का चयन किया गया था।

इससे पहले विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने संयुक्त ब्रीफिंग में बताया, 22 अप्रैल 2025 को लश्कर और पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया और 25 भारतीय नागरिकों और 1 नेपाली नागरिक की हत्या कर दी। आतंकियों ने पर्यटकों को उनके परिवार के सदस्यों के सामने सिर में गोली मार दी। इस दौरान परिवार को धमकाया गया और उस बर्बरता का संदेश देने को कहा गया। चूंकि जम्मू-कश्मीर में पर्यटन फिर से बढ़ रहा था, इसलिए हमले का मुख्य उद्देश्य उसे नुकसान पहुंचाना और दंगा भड़काना था। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा, पहलगाम में हमला अत्यंत बर्बरतापूर्ण था, जिसमें पीड़ितों को बहुत नजदीक से सिर में गोली मारकर और उनके परिवार के सामने मारा गया। परिवार के सदस्यों को जानबूझकर इस तरह से मारा गया कि उन्हें संदेश वापस ले लेना चाहिए। यह हमला स्पष्ट रूप से कश्मीर में सामान्य स्थिति को कमजोर करने के उद्देश्य से किया गया था। उन्होंने आगे कहा, रेजिस्टेंस फ्रंट नामक एक समूह ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली है। यह समूह लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा है। इस हमले में पाकिस्तान का हाथ होने की पुष्टि हुई है। पहलगाम पर हुआ हमला कायराना था और पहलगाम हमले की जांच से पाकिस्तान के आतंकवादियों से संबंध उजागर हुए हैं।

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा, आतंकवादी गतिविधियों पर नजर रखने वाली हमारी खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया है कि भारत पर और हमले हो सकते हैं और उन्हें रोकना और उनसे निपटना आवश्यक समझा गया। उन्होंने कहा, आज सुबह, भारत ने सीमा पार आतंकवाद को रोकने के लिए जवाब देने के अपने अधिकार का इस्तेमाल किया। हमारी कार्रवाई नपी-तुली और गैर-बढ़ी हुई, आनुपातिक और जिम्मेदाराना थी। हमने आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे को नष्ट करने पर ध्यान केंद्रित किया।

इस प्रेस ब्रीफिंग की शुरुआत में भारत पर हुए कई हमलों से जुड़ी एक क्लिप भी दिखाई गई थी, जिसमें 2001 का संसद हमला, 2008 का मुंबई आतंकी हमला, उरी, पुलवामा और पहलगाम हमला शामिल है।

## आज का इतिहास

1541–हरनांदो डे सोटो ने मिसीसिपी नदी की खोज की।
1828–इंटरनेशनल कमेटी ऑफ द रेड क्रॉस (आईसीआरसी) के संस्थापक हेनरी डुनेंट का जन्म।
1847–रॉबर्ट डब्ल्यू थॉम्पसन ने रबर टायर का पेटेंट कराया।
1871–ब्रिटेन और अमेरिका के बीच समझौते के बाद अलबामा विवाद समाप्त हुआ।
1886–कोल्ड ड्रिंक कोकाकोला का उत्पादन शुरु हुआ।
1895–उड़ीसा के प्रसिद्ध क्रांतिकारी तथा गाँधीवादी कार्यकर्ता गोपबन्धु चौधरी का जन्म।
1899–भारतीय इतिहास में प्रसिद्ध चापेकर बन्धुओं में से एक वासुदेव चापेकर का निधन।
1915–भारत के स्वतंत्रता सेनानी अमीर चन्द का निधन।
1921–स्वीडन ने फांसी की सजा को खत्म किया।
1926–प्रसिद्ध इतिहासकार तपन राय चौधरी का जन्म।
1929–भारत की प्रसिद्ध ठुमरी गायिका गिरिजा देवी का जन्म।

## सुडोकू 6906

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 8 | 6 | | | | | |
| | | 9 | 2 | 1 | | | 6 | |
| 2 | | | | | 8 | | 4 | |
| | | | 9 | | | 8 | | 6 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | 4 | | | 2 | | | |
| | 7 | | 8 | | | | | 3 |
| | 3 | | | 7 | 5 | 9 | | |
| | | | | | 3 | 6 | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## मसूद अजहर को क्यों भारत के हमले में बच जाने का गम, बताया घर में कौन-कौन मारा गया

पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए भारत ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में मौजूद आतंकवाद के बड़े अड्डों पर मंगलवार रात मिसाइलों की बारिश कर दी। भारत ने जिन 9 ठिकानों को निशाना बनाया, उसमें खूंखार आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का बहावलपुर स्थित मुख्यालय भी शामिल है। 1999 के कंधार हाईजैक में भारत की जेल से छुड़ाए गए जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर को भी बड़ी चोट लगी है। खबर है कि जैश मुख्यालय परिसर में मौजूद उसके परिवार के कई लोग हमलों में मारे गए हैं। खुद अजहर ने एक बयान जारी करके बताया है कि उसकी बड़ी बहन और जीजा समेत 14 परिजनों और करीबियों की मौत हो गई है। निहत्थे और मासूम लोगों पर कायराना तरीके से हमला कराने वाले मसूद अजहर ने अपने जख्मों को अलग रंग देने की कोशिश की और अपनी जान बच जाने पर गम जाहिर किया है।

**मसूद बोला- यह सिर्फ गम का वक्त नहीं-** मसूद अजहर की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, यह वक्त सिर्फ गम का नहीं, बल्कि फक्र और सब्र का भी है। एक ही घर के इतने लोगों को वह मुकाम हासिल हुआ है, जो बहुत ही कम लोगों को नसीब होता है-अल्लाह के मेहमान बनना, शहादत का दर्जा पाना। अजहर ने कहा है कि हमले में उसकी बड़ी बहन, जीजा समेत अन्य रिश्तेदार मारे गए हैं। उसने कहा कि ये सब वो लोग हैं जिन्हें अल्लाह ने अपने खास मेहमानों की तरह बुला लिया।

**पहले ही छिप गए मसूद ने कहा- यह दर्जा चाहता है हर मोमिन-** हमले की डर से पहले ही किसी बिल में छिप चुके मसूद अजहर ने पीएम मोदी पर अपनी बौखलाहट जाहिर करते हुए कहा, बुजदिल मोदी ने मासूम बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को निशाना बनाया है। दुनिया के बेहद खूंखार आतंकियों में शामिल अजहर ने कहा कि उसके परिवार के लोगों को अल्लाह ने वह दर्जा दिया जिसे हर मोमिन चाहता है।

**काश मैं भी इनमें शामिल होता- अजहर-** मसूद अजहर ने आतंकी गुनाहों की सजा को शहादत का लबादा ओढ़ाने की कोशिश करते हुए दुख जाहिर किया कि इसे यह मौका नहीं मिला। उसने लिखा,इन मासूमों का जाना दुखद है, लेकिन उनका मुकाम बहुत ऊंचा है। बार-बार दिल चाहता है कि काश मैं भी इस 14 शहीदोंके काफिले का हिस्सा होता। लेकिन अल्लाह का तय किया वक्त कभी आगे-पीछे नहीं होता।

**हम पीछे हटने को तैयार हैं; ऑपरेशन सिंदूर से कांप उठा पाकिस्तान, लगाई युद्धविराम की गुहार-** बुधवार तड़के जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की जमीन पर कहर बरपाया, तो इस प्रहार की गूंज इस्लामाबाद से लेकर रावलपिंडी तक सुनाई दी। आतंकी ठिकानों पर हुए सटीक हमलों से पाकिस्तान की नींद उड़ गई और अब हालात युद्ध जैसे बन चुके हैं। भारत ने 9 आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले में कम से कम 90 आतंकियों को मौत की नींद सुला दिया। इसके बाद पाकिस्तान में भारतीय सेना का खौफ इस कदर है कि उनके रक्षा मंत्री खुद सामने आकर तनाव खत्म करने की गुहार लगाने लगे हैं। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमलों के बाद अब पाकिस्तान बैकफुट पर नजर आ रहा है।

## भारत की एयर स्ट्राइक में मारे गए 100 से अधिक आतंकी

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के नौ ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की, जिसमें 70 से अधिक आतंकवादी मारे गए। ये हमले नौ लक्षित स्थानों- मुजफ्फराबाद, कोटली, बहावलपुर, रावलकोट, चकस्वरी, भीमबर, नीलम घाटी, झेलम और चकवाल में किए गए। इन हमलों में 60 से अधिक आतंकवादी घायल हो गए।

ऑपरेशन सिंदूर के बारे में सरकार ने बुधवार सुबह मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि ये कार्रवाई नपी-तुली और गैर-उत्तेजित प्रकृति की, आनुपातिक और जिम्मेदाराना थी, जो पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद और भारत पर हमलों के निरंतर समर्थन के खिलाफ थी। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि लक्ष्यों का चयन विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर किया गया और इसका उद्देश्य आतंकी ढांचे को ध्वस्त करना और आतंकियों को बेदम करना था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सीमा पार आतंकवाद का जवाब देने और उसे रोकने के देश के अधिकार का प्रतिनिधित्व करता है। मिस्त्री के अलावा प्रेस कॉन्फ्रेंस को भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने पाकिस्तान स्थित आतंकी समूहों और उनके भारत पर हमलों से लक्षित ठिकानों के संबंधों पर प्रकाश डाला। नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमलों के जरिए भारत ने दिखाया कि वह अब सीमा पार आतंकवाद या इसे बढ़ावा देने वाली सरकारी संस्थाओं की मिलीभगत को बर्दाश्त नहीं करेगा। भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना ने ऐतिहासिक अभियान में रात को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचे पर हमले किए।

## ऑपरेशन सिंदूर : भारत के एयरस्ट्राइक के बाद सहमा पाकिस्तान, आसमान में भी सन्नाटा

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** भारत के एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान में हर तरफ सन्नाटा पसरा हुआ है। पाकिस्तान ने बुधवार की सुबह कई प्रमुख हवाई अड्डों पर हाई सिक्योरिटी अलर्ट लागू कर दिया। ऐसी खबरें भी आईं कि पाकिस्तान ने कमोबेश सभी उड़ानें रद्द कर दीं। मीडिया रिपोर्ट्स से सामने आया है कि पाकिस्तान ने कराची के जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जानी वाली सारी फ्लाइट्स को कैंसिल कर दिया है। वहीं, भारतीय सेना के एक्शन के बाद पाकिस्तान सहमा हुआ है और वहां के आसमान में भी सन्नाटा पसरा है।

फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट 'फ्लाइटरडार24' से पता चलता है कि बुधवार की सुबह 11 बजे पाकिस्तानी आसमान में खामोशी छाई रही। भारत के एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान के आसमान में एकाध प्लेन ही उड़ते दिखे। इसमें बीजिंग से दुबई और लाहौर से कराची जाने वाली फ्लाइट शामिल थी। अमूमन सुबह के इस वक्त में पाकिस्तान के आसमान में विमानों की काफी आवाजाही होती है। लेकिन, %ऑपरेशन सिंदूर% के बाद सहमे पाकिस्तान के आसमान में भी सन्नाटा छाया है। माना जा रहा है कि भारत के एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने किसी अनहोनी की आशंका के लिहाज से तमाम फ्लाइट्स को कैंसिल कर दिया है। इससे पहले पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र को भारतीय विमानों के लिए बंद करने का फैसला किया था।

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के नौ ठिकानों पर सटीक हमला किया। बताया गया कि भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू-कश्मीर में स्थित उन आतंकवादी ढांचों को निशाना बनाया, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई जाती रही है।

## जिस जगह हुई थी कसाब और हेडली की ट्रेनिंग, भारतीय सेना ने उन्हें मिट्टी में मिला दिया

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** भारतीय सेना की ओर से मंगलवार-बुधवार की रात 25 मिनट तक चले 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकियों के 9 ठिकानों पर अटैक किया। इस एयर स्ट्राइक के बारे में भारतीय सेना, वायुसेना और विदेश मंत्रालय ने संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग के जरिए जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि 25 मिनट में आतंकियों की पनाहगाहों को चुन-चुन कर मिट्टी में मिलाया गया। इनमें वो ठिकाने भी थे जहां कभी कसाब और हेडली जैसे आतंकियों को प्रशिक्षित किया गया था।

वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मंगलवार-बुधवार देर रात 1 बजकर 5 मिनट से 1 बजकर 30 मिनट के बीच ये हमला किया गया था। पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया। नौ आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया गया और उन्हें सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एयर स्ट्राइक से जुड़ी एक क्लिप भी दिखाई गई, जिसमें बताया गया कि इस ऑपरेशन के दौरान 9 टारगेट चुने गए थे। इस स्ट्राइक में लॉन्चपैड, ट्रेनिंग सेंटर्स को टारगेट कर तबाह कर दिया गया।

## ऑपरेशन सिंदूर : एनएसए अजीत डोभाल ने अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देशों को सैन्य कार्रवाई की जानकारी दी

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर हमलों के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कई देशों के एनएसए के साथ बातचीत की।

डोभाल ने अपने समकक्षों को भारत की तरफ से की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, अजीत डोभाल ने अमेरिका के एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ब्रिटेन के एनएसए जोनाथन पॉवेल, सऊदी अरब के एनएसए मुसैद अल ऐबन, यूएई के एनएसए शेख तहनून, यूएई के एनएससी के महासचिव अली अल शम्सी और जापान के एनएसए मासातका ओकानो से बात की। इसके अलावा, रूस के एनएसए सर्गेई शोइगु, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की पोलित ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी और फ्रांस के राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार इमैनुएल बोन्ने के साथ भी संपर्क स्थापित किया गया। डोभाल ने अपने समकक्षों को भारत की तरफ से की गई कार्रवाई और क्रियान्वयन के तरीके के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत का तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर पाकिस्तान तनाव बढ़ाने का फैसला करता है तो भारत इसका दृढ़ता से जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

वहीं, 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भारतीय सेना, वायुसेना और विदेश मंत्रालय ने बुधवार की सुबह संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग की, जिसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह और भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी शामिल हुईं। सैन्य अधिकारियों ने आतंकी ठिकानों पर किए गए हमले की क्लिप भी दिखाई। कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन को लेकर बताया, पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। 9 आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया गया।

## दुनिया को भारत ने बताया हमने आतंकी ठिकानों पर की एयर स्ट्राइक, यूएन महासचिव ने जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र, (आईएएनएस)।** महासचिव एंटोनियो गुटेरेस पाकिस्तान के खिलाफ भारत के सैन्य अभियान को लेकर बहुत चिंतित हैं और उनके प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक के अनुसार, दुनिया दोनों देशों के बीच टकराव बर्दाश्त नहीं कर सकती। भारत द्वारा पाकिस्तान और कश्मीर में अपने कब्जे वाले क्षेत्र में मिसाइल हमले की घोषणा के तुरंत बाद दुजारिक ने कहा, वह दोनों देशों से अधिकतम सैन्य संयम बरतने का आह्वान करते हैं।

उन्होंने कहा, महासचिव नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार भारतीय सैन्य अभियानों को लेकर बहुत चिंतित हैं। दुनिया भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव बर्दाश्त नहीं कर सकती। भारत के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर के नौ स्थानों पर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया है।

## वर्ग पहेली 6906



**बायें से दायें:-**

१. अकेले रहने या विचरने वाला एकाकी
३. सज्जित, विभूषित
५. सेना या काफिले का मार्ग में कहीं रुकना, ऐसी रुकने की जगह
६. शुद्ध, पाक
७. पतला, संकीर्ण मार्ग
९. आराम, चैन (उर्दू)
१०.स्वेच्छारिता
१२. आसान, स्वभाव, आसानी से मिलने वाला
१३. असमंजस, द्वैधीभाव
१४. युद्ध संबंधी
१६. गिरवी रखना
१८. दासी, सेविका (उर्दू)
२०. बढ़ाया हुआ, बहता हुआ
२१. राजा (उर्दू)
२३. जो लेने देन में खरा न हो(उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. पगडंडी
२. बदचलन
३. जाना हुआ, विदित
४. मेहरबानी करके
५. राजा की सबसे बड़ी रानी
८. राजाओं या राष्ट्र प्रमुखों के रहने की जगह
१०. धीमा, मंद
११. एक प्रकार का बहुमूल्य रत्न
१२. मरम्मत, दोष या खराबी के दूर होने का भाव
१३. बैर, शत्रुता
१४. शाबासी देना
१५. घूस
१७. सदैव
१८. एकदम,, नितांत, पक्का (उर्दू)
१९. जिव्हा, भाषा (उर्दू)
२२. जिद

## वर्ग पहेली-6905



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## पेट्रा क्वितोवा ने इटालियन ओपन में पहली जीत दर्ज की



**रोम।** दो बार की विंबलडन चैंपियन और चेक गणराज्य की टेनिस खिलाड़ी पेट्रा क्वितोवा ने अपने पहले बच्चे के जन्म के बाद इटालियन ओपन मुकाबले में पहली जीत दर्ज की है। रोम में इटालियन ओपन के पहले दौर में चेक गणराज्य की खिलाड़ी क्वितोवा ने रोमानिया की इरिना-कैमेलिया बेगू पर सीधे सेट 7-5, 6-1 से जीत दर्ज की। पेट्रा क्वितोवा ने महिला टेनिस संघ को मैच के बाद कहा कि मुझे 95 प्रतिशत लग रहा था कि मैं कोर्ट में कभी वापस नहीं लौट पायेगी। उस समय मैं टेनिस से ऊब चुकी थी। मैं सोच रही थी मैं अब और नहीं खेल सकती' इसलिए हमने बच्चे के लिए प्रयास करने का फैसला किया। क्वितोवा टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ट्यूनीशिया की विश्व नंबर 36 की ओन्स जबूर से भिड़ेगी। दूसरे मैच में, ब्रिटेन की सोनय कार्टल ने दो घंटे 10 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी किम्बर्ली बिरेल को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया।

# भारतीय खेल समुदाय ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को सराहा

■ भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर सटीक हमले किए



**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना की निर्णायक और रणनीतिक आतंकवाद विरोधी प्रतिक्रिया-ऑपरेशन सिंदूर- के मद्देनजर भारत के खेल प्रतिष्ठान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सशस्त्र बलों की साहसिक और संयमित प्रतिक्रिया के लिए उन्हें सलाम किया है, जिसमें 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और विश्व कप के हीरो गौतम गंभीर, हरभजन सिंह, सुरेश रैना और चेतन शर्मा से लेकर ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया, साक्षी मलिक और देवेंद्र झाझरिया तक; क्रिकेट सितारे शिखर धवन, प्रज्ञान ओझा, झूलन गोस्वामी और वरुण चक्रवर्ती से लेकर पहलवानों, मुक्केबाजों और अन्य एथलीटों तक, भारतीय खेल समुदाय ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का समर्थन किया है।

7 मई की सुबह, भारत ने पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर सटीक हमले किए। हवाई और मिसाइल हमलों का लक्ष्य केवल जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नामित समूहों से जुड़े आतंकी ढांचे को निशाना बनाना था। नागरिक हताहतों या पाकिस्तान की सैन्य संपत्तियों को नुकसान से बचाने के लिए सावधानी बरती गई, जो जवाबी कार्रवाई में भी रणनीतिक संयम के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। क्रिकेटर - जिनमें से कई लंबे समय से भारत के सशस्त्र बलों के समर्थन में मुखर रहे हैं-ने सोशल मीडिया पर #ऑपरेशनसिंदूर और #जयहिंद जैसे हैशटैग का उपयोग करते हुए हार्दिक संदेशों के साथ प्रतिक्रिया देने में देर नहीं लगाई, जो अब पूरे देश में ट्रेंड कर रहे हैं। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने एक ऐसा संदेश दिया, जिसने सभी आयु वर्गों को प्रभावित किया: एकता में निडर। शक्ति में असीम। भारत की ढाल उसके लोग हैं। इस दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। हम एक टीम हैं! कुश्ती आइकन और ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया, जिनके भाई पहलगाम हमले में मारे गए थे, ने भी सेना की बहादुरी को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए अपना मौन तोड़ा।

पुनिया ने 'आईएएनएस' से कहा कि मुझे हमारी भारतीय सेना पर बहुत गर्व है। उन्होंने मेरे भाई की मृत्यु को न्याय, साहस और सटीकता के साथ सम्मानित किया है। पुनिया ने कहा कि उनके कार्यों ने मेरे जैसे परिवारों को कुछ सांत्वना दी है, जबकि पूरे देश को गौरवान्वित किया है। बिना किसी विभाजन या राजनीति के सशस्त्र बलों का समर्थन करना हमारा कर्तव्य है। राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में, देश को एक स्वर में बोलना चाहिए। इस ऑपरेशन को एक चेतावनी बनने दें: भारत पर किसी भी हमले का मजबूती और दृढ़ संकल्प के साथ सामना किया जाएगा। भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर सशस्त्र बलों को सलाम करने वाले पहले लोगों में से थे। राष्ट्रीय सुरक्षा के जाने-माने समर्थक और पूर्व सांसद गंभीर ने एक संक्षिप्त लेकिन शक्तिशाली संदेश साझा किया: 'जय हिंद'। पूर्व सलामी बल्लेबाज से कमेंटेटर बने आकाश चोपड़ा ने भी इसी तरह की देशभक्ति वाली पोस्ट में गंभीर की भावना को दोहराया: 'जय हिंद' पूर्व भारतीय स्पिनर और पूर्व खिलाड़ी संघ के प्रतिनिधि प्रज्ञान ओझा भी सम्मान के स्वर में शामिल हुए' 'जय हिंद'

राज्यसभा में सांसद हरभजन सिंह ने अपनी श्रद्धांजलि में कोई कमी नहीं छोड़ी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा: जय हिंद #ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम में हमारे निर्दोष भाइयों की क्रूर हत्या के प्रति भारत की प्रतिक्रिया है। भारतीय महिला टीम की पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने अपनी पोस्ट में सटीकता के साथ ऑपरेशन की सराहना की: सटीकता। उद्देश्य। शक्ति। यही भारत का जवाब है। 'ऑपरेशनसिंदूर' शिखर धवन, जो मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों ही जगह अपनी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं, ने इंस्टाग्राम पर ऑपरेशन की भावना को दर्शाते हुए एक छोटी क्लिप पोस्ट की, जिसमें कैप्शन था: जो कहा था, वो करके दिखाया। न्याय हुआ। भारत माता की जय! (हमने वही किया जो हमने कहा था। न्याय हुआ। भारत माता की जय!)। भारत की पुरुष क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा, भारतीय सशस्त्र बलों ने प्रतिकूल परिस्थितियों को एक शक्तिशाली फतेह क्षण में बदल दिया। खतरे का सामना करते हुए उनके साहस और वीरता ने हम सभी को गौरवान्वित किया है। जय हिन्द' ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने अपनी बात संक्षिप्त रखी लेकिन 'भारत माता की जय' कहा, जबकि 2016 में रियो ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने आतंक-समर्थकों की अगली पीढ़ी का सफाया कर दिया है, जिन्होंने भारत में बहनों और बेटियों को इतना दुख पहुंचाया। जिन आतंकवादियों ने पहलगाम में देश की बहन बेटियों का सिन्दूर उजाड़ा, भारतीय सेना ने उनकी आने वाली पुश्तें तक उजाड़ दी। भारतीय सेना के जज्बे को हमारा सलाम। साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान, जो अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं, ने अपने संदेश में कहा, जय हिंद, जय हिंद की सेना (भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम में बहनों और बेटियों को विधवा बनाने वाले आतंकवादियों की अगली पीढ़ी का सफाया कर दिया है)। कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ आईपीएल 2025 में वर्तमान में सक्रिय वरुण चक्रवर्ती ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ऑपरेशन की आधिकारिक भारतीय सेना की तस्वीर साझा की।

# पंजाब को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए बाकी 3 में से 2 मैच जीतना जरूरी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 7 मई (देशबन्धु)। मौजूदा सीजन के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी कप्तान श्रेयस अय्यर के जड़े तीन अर्द्धशतकों की बदौलत पंजाब किंग्स ने 2025 आईपीएल क्रिकेट के प्ले ऑफ में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा बरकरार रखी है। फिलहाल तीसरे स्थान पर चल रही पंजाब किंग्स को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए अब अपने घर धर्मशाला में बृहस्पतिवार को दिल्ली कैपिटल्स व मुंबई इंडियंस से अपने घर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उसके घर में बाकी तीन मैचों में से कम से कम दो मैच जीत अपने अंकों की संख्या 19 करने की जरूरत होगी। पंजाब किंग्स नेट रन रेट की चिंता की किए बिना 15 रन से प्ले ऑफ में पहुंच सकती है लेकिन इसके लिए जरूरी है कि अन्य मैचों के नतीजे उसके हक में जाए। पंजाब किंग्स की टीम यदि अपने बाकी तीनों मैच जीतती है तो शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर सकता है। पंजाब किंग्स के बाकी तीन मैचो में दो उन टीमों से है जो कि शीर्ष पांच में है। पंजाब किंग्स की टीम यदि अपने बाकी तीनों मैच जीतती है तो शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर सकता है। पंजाब किंग्स के बाकी तीन मैचो में दो उन टीमों से है जो कि शीर्ष पांच में है। पंजाब किंग्स 11 मैचों में सात जीत, एक मैच बेनतीजा होने और तीन हार के साथ 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के भी 11 मैचों में छह जीत, एक बेनतीजा होने और तीन हार के साथ 13 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है और उसकी प्ले ऑफ पहुंचने की उम्मीद जिंदा है। दिल्ली को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए अब पंजाब किंग्स के खिलाफ बृहस्पतिवार के मैच सहित अपने बाकी तीनों मैच जीतने होंगे। गुजरात टाइटंस और आरसीबी के 11-11 मैचों से समान रूप से आठ आठ जीत और तीन तीन हार के साथ समान रूप से 16 -16 अंक हैं। गुजरात टाइटंस ने आरसीबी से बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर है। दिल्ली कैपिटल्स की खुशकिस्मती रही कि उसका एसआरएच के खिलाफ मैच बारिश से धुल गया और एक अंक मिल गया क्योंकि इससे पहले वह अपने लगातार दो मैच हार गई थी। दिल्ली कैपिटल्स 15 अंकों के साथ भी शीर्ष चार में स्थान बना सकती है बशर्तें बाकी नतीजे उनके अंक में जाए । दिल्ली कैपिटल्स अपने यदि अगले दो मैच भी जीतती है और अपने अंकों की संख्या 17 भी कर लेती है तो भी वह प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए बाकी नतीजों पर निर्भर करेगी क्योंकि छह टीमें 17 अंक तक पहुंच सकती है।



■ दिल्ली को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए बाकी तीनों मैच जीतने जरूरी

दिल्ली कैपिटल्स को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए अब अपने बाकी तीनों-पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस-के खिलाफ जीतने होंगे। दिल्ली कैपिटल्स की मौजूदा फॉर्म के आधार पर यह खासा मुश्किल लगता है क्योंकि वह अपने पिछले पांच में से मात्र एक ही जीती है। पंजाब किंग्स ने अपने पिछले दो मैचों मे सीएसके को मात्र दो गेंदों के बाकी रहते चार विकेट से और मेहमान लखनउ सुपर जायंटस को अपने घर धर्मशाला में 38 रन से हराया था जबकि इससे पहले उसका केकेआर के खिलाफ कोलकाता में मैच बारिश से धुल गया था। वहीं दिल्ली कैपिटल्स का अंतिम 11 वां मैच एसआरएच के खिलाफ मैच बारिश के चलते बेनतीजा रहा और इससे पहले वह आरसीबी से नौ गेंद के बाकी रहते अपने घर में छह विकेट से और केकेआर से 14 रन से हार कर राह भटक गई।

## हार के बाद पांड्या ने कहा नो-बॉल अपराध है



**मुंबई,** 7 मई (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस की पकड़ से फिसलने से पहले एक ऐसे मैच में, जिसमें बहुत उतार-चढ़ाव आए, कप्तान हार्दिक पांड्या ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ तीन विकेट से मिली हार का मूल कारण बताते हुए कोई कसर नहीं छोड़ी और कहा = नो-बॉल। वानखेड़े में एक अराजक, बारिश से बाधित रात में, जहां अंतिम गेंद तक किस्मत में उतार-चढ़ाव था, पांड्या की स्पष्ट स्वीकारोक्ति ने एमआई की पीड़ा को अभिव्यक्त किया। एमआई की तीन विकेट से हार के बाद हार्दिक ने कहा कि कैच ने वास्तव में हमें नुकसान नहीं पहुंचाया। हम इस मामले में बहुत ही सटीक थे।शायद निश्चित रूप से नो-बॉल के साथ, मेरी नो-बॉल के साथ और यहां तक कि आखिरी ओवर में नो-बॉल के साथ भी। 'मेरी नजर में, यह एक अपराध है, उन्होंने नो-बॉल के बारे में कहा - दो नो-बॉल उनके द्वारा फेंकी गई और एक दीपक चाहर द्वारा अंतिम ओवर में फेंकी गई - जो बहुत कम अंतर से तय हुए मैच में महंगी साबित हुई। 147 के पुनर्निर्धारित लक्ष्य के अंतिम ओवर में 15 रन का बचाव करते हुए, दीपक चाहर द्वारा महत्वपूर्ण क्षण में ओवरस्टेप किए जाने से मुंबई की उम्मीदें धराशायी हो गईं। इससे पहले, आठवें ओवर में पांड्या की अपनी नो-बॉल ने पहले ही 18 रन खर्च कर दिए थे। इसने निश्चित रूप से हमें नुकसान पहुंचाया। लेकिन मुझे हमारे द्वारा दिखाए गए संघर्ष पर गर्व है। बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस विल जैक्स के लगातार अर्धशतक के बावजूद सिर्फ 155/8 रन ही बना पाई। 97/2 से, उन्होंने अंतिम 9.3 ओवरों में सिर्फ 58 रन पर 6 विकेट खो दिए। फिर भी, गेंदबाजों ने, खास तौर पर फिसलन भरी, गीली परिस्थितियों में, एमआई को मुकाबले में वापस खींच लिया, जिससे जीटी को हर रन के लिए मेहनत करनी पड़ी।

### हम तब मैच हारे जब हमारा इस पर पूरा नियंत्रण था : जयवर्धने

**मुंबई।** जब बारिश रूकी और गुजरात टाइटंस (जीटी) को छह गेंद में 15 रन की जरूरत थी और मुंबई इंडियंस (एमआई) के पास गेंदबाजी के कुछ विकल्प बाकी थे। दीपक चाहर ने केवल दो ओवर किए थे और हार्दिक पांड्या ने केवल एक ओवर किया था। स्पिनर कर्ण शर्मा और विल जैक्स ने कुल मिलाकर तीन ओवर किए थे। तो यहां पर तेज गेंदबाज की जरूरत थी और चाहर और हार्दिक में से किसी एक को चुना जाना था, जहां पर एमआई ने चाहर को चुना। एमआई के प्रमुख कोच माहेला जयवर्धने ने मैच के बाद समझाया कि चाहर उनके मुख्य गेंदबाज हैं, लेकिन कैटी मार्टिन ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में आप चाहते हो कि आपका कप्तान आगे आए। लेकिन एमआई जब आखिरी ओवर करने मैदान में उतरी भी नहीं थी, चाहर को गेंद थमाने का निर्णय ले लिया गया था।

## सार संक्षेप

### ताइपे ओपनः आयुष राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया

**ताइपे (चीनी ताइपे)।** विश्व के 44वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने मंगलवार को यहां बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट ताइपे ओपन में विश्व के 13वें नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के ली चिया-हाओ को हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। 20 वर्षीय शेट्टी ने ताइपे एरिना के कोर्ट 1 पर खेले गए मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त ली को 50 मिनट में 21-17, 21-18 से हराकर सीधे गेम में जीत हासिल की। पहले गेम में कई मौकों पर बढ़त बदली, लेकिन ली ने 6-3 की बढ़त बनाई और इसे 9-5 तक बढ़ाया। दोनों शटलरों के बीच 16-16 तक कड़ी टक्कर चली, लेकिन भारतीय शटलर ने लगातार पांच अंक जीतकर 21-17 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में ली ने 4-0 की बढ़त बनाई और फिर इसे 9-6 तक बढ़ाया। भारतीय शटलर ने वापसी की और 14-12 से आगे हो गए, लेकिन ली ने एक बार फिर 16-14 से बढ़त बना ली। लेकिन 16-17 से शेट्टी ने नियंत्रण बनाया और पांच अंक जीतकर 20-16 की बढ़त बनाई और आखिरकार 21-18 से गेम जीतकर यादगार जीत दर्ज की। पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी सिकांत ने हमवतन एस.शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम को सीधे गेम में हराकर मंगलवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि भारत को मिश्रित परिणाम मिलते रहे।

### मिशेल ओवेन को पंजाब की टीम में मिली जगह

**धर्मशाल।** चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष सत्र के लिए पंजाब किंग्स की टीम में शामिल किया गया है। पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने 23 वर्षीय ओवेन का टीम में स्वागत करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी इस सत्र के अंतिम चरण के लिए मिशेल ओवेन को अपनी टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे मैंने पिछले 12 महीनों में बहुत करीब से देखा है। वह ऐसा खिलाड़ी है जो अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी कर सकता है और साथ ही कुछ बहुत ही उपयोगी मध्यम गति की गेंदबाजी भी कर सकता है। मैं उसे टीम का हिस्सा बनाकर वास्तव में उत्साहित हूं और जल्द से जल्द उसके यहां आने का इंतजार कर रहा हूं। तीन करोड़ रुपये में पंजाब किंग्स में शामिल हुए ओवेन ने 34 टी20 मैचों में कुल 646 रन बनाए हैं और 10 विकेट लिए हैं। उनके नाम दो शतक भी हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 108 है। टीम में शामिल होने पर ओवेन ने कहा कि मैं पंजाब किंग्स में शामिल होने का अवसर पाकर वास्तव में उत्साहित हूं।

# डेथ बॉलिंग सहज और सामरिक है : भुवनेश्वर

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने डेथ बॉलिंग को सहज और सामरिक करार दिया, उन्होंने आईपीएल मैच के महत्वपूर्ण क्षणों में बल्लेबाज से एक कदम आगे रहने के महत्व पर जोर दिया। भुवनेश्वर ने आरसीबी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा कि डेथ बॉलिंग एक सहज प्रवृत्ति की तरह है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि मैच की स्थिति क्या है और आप क्या सोच रहे हैं। कभी-कभी बहुत सामान्य स्थिति चल रही होती है, लेकिन आपको सहज प्रवृत्ति होती है कि बल्लेबाज कुछ अलग करने जा रहा है। इसलिए हम इसे सक्रिय होना कहते हैं - बल्लेबाज से एक कदम आगे रहना। 16 साल बाद आरसीबी के रंग में लौटे अनुभवी तेज गेंदबाज ने इस सीजन में टीम की शानदार गेंदबाजी में अहम भूमिका निभाई है जबकि बेंगलुरु के अभियान में उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं, उनकी गेंदबाजी - खासकर डेथ ओवरों में - लगातार सकारात्मक रही है। आरसीबी वर्तमान में आईपीएल 2025 में डेथ ओवरों में दूसरे सबसे अच्छे इकॉनमी रेट का दावा करती है, जो 17 से 20 ओवरों में केवल 10.23 रन प्रति ओवर देती है, जो मुंबई इंडियंस के 10.22 से थोड़ा पीछे है। भुवनेश्वर ने जोश हेजलवुड और यश दयाल के साथ मिलकर एक घातक पेस तिकड़ी बनाई है, जिसने संयुक्त रूप से 40 विकेट लिए हैं। 34 वर्षीय के अनुसार, यह साझेदारी महत्वपूर्ण रही है।उन्होंने कहा कि अगर आप यश और जोश और हम तीनों के बारे में बात करते हैं - हम एक जैसे हैं, लेकिन अलग भी हैं। हम तीनों ही स्विंग कर सकते हैं। जोश ऊंचाई लाता है, यश एक अलग कोण वाला बाएं हाथ का तेज गेंदबाज है, और हम सभी खेल के विभिन्न चरणों में गेंदबाजी कर सकते हैं। ये गुण एक-दूसरे के पूरक हैं।हालांकि आरसीबी ने सीजन की शुरुआत में घरेलू मैदान पर संघर्ष किया, लेकिन भुवनेश्वर लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के खिलाफ 26 रन देकर 2 विकेट लिए, हालांकि वे हार गए।



■ भुवनेश्वर ने जोश और यश दयाल के साथ मिलकर एक घातक पेस तिकड़ी बनाई

### निशानेबाजी में वेदांत, उर्वा चौधरी ने जीते स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली,** 7 मई (एजेंसियां)। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की निशानेबाजी प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को महाराष्ट्र के वेदांत नितिन ने 50 मीटर थ्री पोजीशंस राइफल (पुरुष युवा वर्ग) में और उत्तर प्रदेश की उर्वा चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल (महिला युवा वर्ग) में स्वर्ण पदक जीते।

आज यहां कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर वेदांत ने 452.5 अंकों के साथ स्वर्ण, हरियाणा के रोहित कन्यन ने 451.9 अंकों के साथ रजत और पंजाब के अमितोज सिंह ने 440.1 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.793 |
| 2- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.482 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 11 | 7 | 3 | 15 | +0.376 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 12 | 7 | 5 | 14 | +1.156 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 11 | 6 | 4 | 13 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 11 | 5 | 5 | 11 | +0.249 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 12 | 3 | 9 | 6 | -0.718 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 2 | 9 | 4 | -1.117 |


**न्यायालय तहसीलदार करेली जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**
**सार्वजनिक उद्घोषणा**
रा.मा.क्र.152 / अ- 6 (अ)/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेखित रिकार्ड दुरूस्ती के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 21/05/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावे/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची

| क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | खसरा क्रं. | रकबा | विधमान अभिलेख में अंकित धारक/धारकों के नाम/पिता/माता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1 | करेली | 123/4 | 510 वर्गफुट | बाबूलाल पिता जगन्नाथ निवासी करेली जिला नरसिंहपुर | श्रीमति सुलोचना जैन पति संतोष कुमार जैन, आकांक्षा जैन, नवीनचंद जैन पिता संतोष कुमार जैन सभी निवासी राजेन्द्र वार्ड करेली |

आज दिनांक- 06/5/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।
**तहसीलदार करेली**



**पश्चिम मध्य रेल**
सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई' निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/72/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए "https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 38242622A | वियर प्लास्टी लाइनर फॉर योके पिन सपोर्ट प्लेट | 16138 नंबर |
| 2 | 40255018 | हाई द्रवन राउंड कॉपर ड्रॉपर वायर | 9000 किलोग्राम |
| 3 | 65255002 | EOT क्रेन कैपेसिटी | 01 नंबर |
| 4 | 40255015 | स्विच बोर्ड कैबिनेट फॉर LHB EOG AC कोच | 84 नंबर |
| 5 | 38254139 | हैंड व्हील फॉर बॉक्सन HL वैगन | 8616 नंबर |
| 6 | 8124WCRTP-70 | मोनो-ब्लॉक कंक्रीट लाइन स्लीपर्स RT 8746 | 2310725 नंबर |
| 7 | 20254501 | सेट ऑफ डंपर्स शॉक अब्सॉर्बर्स | 57 सेट |
| 8 | 80251032 | ट्रांसफार्मर आयल कन्फर्मिंग | 47125 लीटर |
| 9 | 50235072B | PIJF केबल | 67.8 किलोमीटर |

उपरोक्त निविदाओं की नियत तिथि क्रमांक 1 – 22.05.2025, क्रमांक 2 – 23.05.2025, क्रमांक 3 – 29.05.2025, क्रमांक 4 और 5 – 02.06.2025, क्रमांक 6 – 03.06.2025, क्रमांक 7 और 8 – 09.06.2025, एवं क्रमांक 9 – 18.06.2025 | 50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए, इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।
(हस्ता.)
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जिला शहडोल ( म.प्र. )**
Email Address-dmshahdol@mp.gov.in
Phone No. 07652-241700
शहडोल, दिनांक 21 अप्रैल 2025

**सार्वजनिक सूचना**

विषयांतर्गत नायरा एनर्जी-जरिये श्रीमती निधि ताम्रकार पति श्री सुधीर कुमार ताम्रकार निवासी वार्ड नं. 08 नियर पंचायती मंदिर ब्यौहारी, तहसील ब्यौहारी जिला शहडोल म.प्र. द्वारा भूमि खसरा नं. 209/9 एवं 210/1/ख स्थित ग्राम ब्यौहारी, तह. ब्यौहारी जिला शहडोल (म.प्र.) नए रिटेल आऊटलेट पर सुविधाओं का निर्माण करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय करने का अनुरोध किया गया है।

अतः उक्त रीटेल आउटलेट की स्थापनाा से किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के अंदर इस कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जिला शहडोल (म.प्र.)**
र.नं.- 363



**नाम सुधार सूचना**
मैं विजय कुमार उमरे पिता श्री पंचम सिंह उमरे शंकराचार्य वार्ड हाउसिंग बोर्ड नरसिंहपुर का निवासी हूं। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम आजाद विजय अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम विजय कुमार उमरे पिता श्री पंचम सिंह उमरे दर्ज है जो कि सही है। अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेंस मेरा नाम विजय कुमार उमरे पिता श्री पंचम सिंह उमरे दर्ज किया जाए। संबंधितों को आवश्यक कार्रवाई हेतु सूचना प्रकाशित।
**विजय कुमार उमरे**



**कार्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बिछिया म.प्र. 420 जिला मण्डला म.प्र.**

**विशेष आमसभा की सूचना**

बी पैक्स बिछिया के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की विशेष आमसभा दिनांक 16/05/2025 दिन शुक्रवार को दोपहर समय 12 बजे से समिति प्रांगण में आयोजित किया गया है। जिसमें आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

विषय- संस्था को कार्यक्षेत्र के ग्रामों में से ग्राम ठोढा, बुधनवारा, पांगरी, कोसमंपानी, झुलुप, कन्हारी, सुरेहला, उमरिया, उरदली, राम्हेपुर, बुंदेलीखोह, डीलवारा, खुलवा, मुवालासानी, मोहगांव प्रथक कर नवीन प्रस्तावित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति ठोढा के गठन हेतु प्रस्ताव पर विचार।

प्रबंधक
कहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बिछिया

| SENSEX | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| BSE | 80746.78 ▲ 105.71 | NSE | 2414.40 ▲ 34.80 | MCX Gold | 97195 ▼ 296 |
| silver | 96391 ▼ 310 | | | | |



# [ अर्थ जगत

## होम, पर्सनल, ऑटो लोन लेने वालों को एचडीएफसी बैंक ने दी राहत

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े निजी बैंक एचडीएफसी ने अपने ग्राहकों को बड़ी राहत दी है। बैंक ने मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट में 0.15 प्रतिशत तक की कटौती की है। इसका सीधा फायदा उन ग्राहकों को मिलेगा, जिनके होम, पर्सनल या ऑटो लोन एचडीएफसी से जुड़े हैं। बैंक ने चुनिंदा लोन अवधियों पर एमसीएलआर को 0.15 फीसदी तक घटा दिया है। इस कटौती के बाद एमसीएलआर 9 फीसदी से 9.20 फीसदी की रेंज में आ गई है, जो पहले 9.10 फीसदी से 9.35 फीसदी थी।



# सेंसेक्स ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को सलाम किया

## दिन के निचले स्तर से 809 अंक उछला, डिफेन्स स्टॉक्स में तेज हलचल

***मुंबई।** भारत के पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति के बीच घरेलू शेयर बाजार बुधवार (7 मई) को मजबूती दिखाते हुए हरे निशान में बंद हुए। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले पीओके आतंकवादी संगठनों के ठिकानों पर बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। इसके बाद दोनों देशों में तनाव बढ़ गया है। रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, 6 और 7 मई की मध्य रात्रि को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले पीओके में 9 आतंकी संगठनों पर बड़ी कार्रवाई की है।*

बीएसई सेंसेक्स बुधवार को अपने पिछले बंद से 105.71 अंक या 0.13 प्रतिशत ऊपर 80,746.78 पर बंद हुआ। वहीं, अपने इंट्रा-डे के नीचले लेवल 79,937.48 से 809.3 अंक या 1.01 प्रतिशत ऊपर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 इंडेक्स नेगेटिव रुझान के साथ लगभग सपाट स्तर पर खुला। कारोबार के दौरान इंडेक्स में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। अंत में यह 34.80 अंक या 0.14 प्रतिशत चढ़कर 24,414.40 पर बंद हुआ।



**टॉप गेनर्स**-सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, इटरनल (पूर्व में ज़ोमैटो), अदानी पोर्ट्स और टाटा स्टील सबसे ज्यादा लाभ में रहे। ये 5.05 प्रतिशत तक की बढ़त के साथ बंद हुए।

**टॉप लूजर्स**-दूसरी तरफ़, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचसीएल टेक सबसे ज़्यादा पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। इनमें 0.77 से 3.53 प्रतिशत की गिरावट आई।

**वैश्विक बाजारों का क्या हाल?**-वैश्विक बाजारों में बुधवार को कारोबार मिलाजुला रहा। एसएंडपी 500 और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज के फ्यूचर्स लगभग 0.6 प्रतिशत ऊपर थे। अमेरिका और चीन ने इस सप्ताह के अंत में स्विट्ज़रलैंड में व्यापार वार्ता आयोजित करने की योजना की घोषणा की है। इससे शुरू में एशियाई बाजारों में तेजी आई। अंत में टोक्यो का निक्केई 225 इंडेक्स 0.1 प्रतिशत गिरकर 36,779.66 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स कारोबार के अंत में केवल 0.1 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,691.88 पर बंद हुआ। शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.8 प्रतिशत बढ़कर 3,342.67 पर पहुंच गया।

**टाटा मोटर्स का शेयर 5 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा**- टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा मोटर्स के शेयर बुधवार को 5 फीसदी से ज्यादा बढ़कर बंद हुए। टाटा मोटर्स ने मंगलवार को कहा कि उसके शेयरहोल्डर्स ने कंपनी को दो हिस्सों में बांटने के प्लान को मंजूरी दे दी है। इस प्लान के तहत अब टाटा मोटर्स दो अलग-अलग लिस्टेड कंपनियों में बंट जाएगी ङ्क एक कंपनी यात्री वाहन का कारोबार संभालेगी और दूसरी कमर्शियल वाहनों का।

## ऐतिहासिक विश्लेषण: भारत-पाक तनाव और शेयर बाजार

भारत और पाकिस्तान के बीच जब-जब सैन्य तनाव या आतंकी घटनाएं हुई हैं, उस दौरान भारतीय शेयर बाजार ने पहले कुछ दबाव जरूर झेला लेकिन जल्दी ही खुद को संभाल लिया। आइए ऐसे प्रमुख मौकों पर शेयर बाजार की प्रतिक्रिया पर एक नजर डालते हैं-

**2019 ( पुलवामा हमला )**- 14 फरवरी से 1 मार्च के बीच सेंसेक्स और निफ्टी में करीब 1.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई थी।

**2016 ( उरी हमला और सर्जिकल स्ट्राइक )**- 18 से 26 सितंबर के दौरान बाजार में लगभग 2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली थी।

**2001 ( संसद हमला )**- इस घटना के बाद सेंसेक्स 0.7 प्रतिशत और निफ्टी 0.8 प्रतिशत तक गिरा लेकिन बाजार ने जल्द ही रिकवरी कर ली।

**2008 ( मुंबई आतंकी हमला )**- 26 नवंबर को हमले के तुरंत बाद सेंसेक्स में करीब 400 अंकों की गिरावट आई, हालांकि निफ्टी ने 100 अंकों की बढ़त के साथ लचीलापन दिखाया।

**1999 ( कारगिल युद्ध )**- तीन महीने तक चले युद्ध के दौरान शेयर बाजार में सिर्फ 0.8त्न की मामूली गिरावट दर्ज हुई, जो बाजार की स्थिरता को दर्शाता है।

**आर्थिक असर सीमित क्यों?**-2024 के आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान भारत के कुल निर्यात में सिर्फ 0.5 प्रतिशत का हिस्सा रखता है। इसीलिए जब दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता है, तो उसका सीधा और गहरा असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ता।

## उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने भी सेना के साहसी कदम की खुलकर प्रशंसा की

### शेयर की 'ऑपरेशन सिंदूर' की तस्वीर, लिखा - हमारी प्रार्थनाएं सेनाओं के साथ



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई जवाबी कार्रवाई को देशभर से सराहना मिल रही है। पहलगाम हमले के जवाब में हुई इस सैन्य कार्रवाई ने पूरे राष्ट्र का ध्यान खींचा है। इसी क्रम में उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने भी सेना के इस साहसी कदम की खुलकर प्रशंसा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, हमारी प्रार्थनाएं हमारे सेनाओं के साथ हैं, एक राष्ट्र के तौर पर हम एक साथ खड़े हैं।

उन्होंने एक ब्लैक बैकग्राउंड वाली तस्वीर भी साझा की, जिस पर ऑपरेशन सिंदूर लिखा था। उनके इस पोस्ट पर लाखों यूजर्स ने प्रतिक्रिया दी और भारतीय सेना के शौर्य की प्रशंसा की।

ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन जैसे आतंकी संगठनों के कम से कम 70 आतंकियों के मारे जाने की खबर है। सूत्रों के अनुसार, भारत ने इस सैन्य ऑपरेशन में स्कैल्प क्रूज मिसाइल, हैमर प्रिसिजन बम और लोइटरिंग एम्युनिशन जैसे आधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया। हमले के वक्त इन ठिकानों पर 500-600 आतंकी मौजूद थे।

# एफटीए से द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचेगा: उद्योग जगत




***नई दिल्ली।** मंगलवार को भारत और ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के बाद भारतीय उद्योग जगत में उत्साह की लहर है। उद्योग संगठनों का मानना है कि यह समझौता मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय निर्यातकों को ब्रिटिश बाजार में बेहतर अवसर देगा और दोनों देशों के बीच व्यापार को 2030 तक 100 अरब डॉलर के लक्ष्य की ओर ले जाएगा।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद समझौते की घोषणा की गई। इसमें लगभग 99 प्रतिशत उत्पादों पर शुल्क छूट का प्रावधान है। एफआईसीसीआई के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने इसे भारत की वैश्विक आर्थिक शक्ति के तौर पर उभरती भूमिका का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, यह समझौता एफएमसीजी, हेल्थकेयर और इनोवेशन-ड्रिवन क्षेत्रों में नए मौके बनाएगा। सीआईआई प्रमुख संजीव पुरी ने कहा कि यह समझौता भारत-ब्रिटेन के बीच रणनीतिक साझेदारी को गहरा करेगा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने में मदद करेगा। टीवीएस मोटर के प्रबंध निदेशक सुदर्शन वेणु ने इसे भारतीय कंपनियों के लिए अंतरराष्ट्रीय विस्तार का सुनहरा अवसर बताया। ब्रिटेन की कारोबारी संस्थाएं जैसे इंटरनेशनल चैंबर ऑफ कॉमर्स और यूके-इंडिया बिजनेस काउंसिल ने भी इस समझौते का स्वागत किया। केआईबीसी ने इसे व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग में बाधाएं दूर करने वाला बताया। आईजीएफ के चेयरमैन मनोज लाडवा ने कहा, यह समझौता सिर्फ एक दस्तावेज नहीं बल्कि एक दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी की शुरुआत है।

# भारत, पाक को करता है ज़्यादा सामान निर्यात, आयात बेहद सीमित

## क्या-क्या सामान बेचते और खरीदते हैं भारत और पाकिस्तान?




***नई दिल्ली।** भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का करारा जवाब देते हुए मंगलवार रात ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया। इस सैन्य कार्रवाई के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और गहरा गया है। सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए पहले ही सभी प्रकार के द्विपक्षीय व्यापार पर रोक लगा दी थी।*

गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हर साल हजारों करोड़ रुपए का व्यापार होता है, जिसमें भारत का पलड़ा भारी रहता था। भारत, पाकिस्तान को ज़्यादा सामान एक्सपोर्ट करता है, जबकि इम्पोर्ट बेहद सीमित है। 2019 के पुलवामा हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान से आयात लगभग बंद कर दिया था। हालांकि, भारत से पाकिस्तान को होने वाला निर्यात बढ़ता रहा और 2020 की तुलना में 2024 तक इसमें 300 फीसदी की तेज वृद्धि दर्ज की गई है।

### पाकिस्तान खरीदता है ये उत्पाद

भारत जो सामान पाकिस्तान को एक्सपोर्ट करता है, उनमें जैविक रसायन, औषधीय उत्पाद, खनिज, चीनी और मिठाइयां शामिल हैं। वहीं, पाकिस्तान भारत में नमक, गंधक, चूना, कपड़े और सीमेंट एक्सपोर्ट करता है। पाकिस्तानी प्रोडक्ट पर भारत में 200 फीसदी टैरिफ अभी भी लगा हुआ है। साल 2024 में दोनों देशों के बीच व्यापार 1.21 अरब डॉलर यानी 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का रहा था।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 84. 83 |
| एक यूरो | 96. 39 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 113. 10 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 55· 13 |
| एक जापानी येन | 00· 59 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 138 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-144 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 99600 चांदी -99000

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 99600 चांदी -99000

## दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल**- राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 10000-11500, फाइन 115000-12000, एकस्ट्रा बोल्ड 13000-13500, चना दाल एवरेज 7200-7300 चना दाल मार्का 7500-7700, मसूर दाल एवरेज 7500-7600, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका9000-9200, फाइन 9200-9500, उड़द धुली 10500-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 9800- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4500-4600, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

## लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# एमसीएक्स पर सोने का भाव फिसला, 97,000 से नीचे

***नई दिल्ली।** बुधवार को सोने-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव 0.74 फीसदी गिरकर 96,772 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है जबकि चांदी की कीमत 0.20 फीसदी की गिरावट आई है, ये 96,504 रुपए प्रति किग्रा पर है।*



मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 2,400 रुपए बढ़कर 99,750 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 97,350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लगातार तीसरे दिन बढ़त को जारी रखते हुए 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 2,400 रुपए बढ़कर 99,300 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 96,900 रुपए प्रति 10 ग्राम था। सर्राफा संघ के मुताबिक, चांदी की कीमतें भी 1,800 रुपए बढ़कर 98,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गईं। विशेषज्ञों के मुताबिक, बाजार प्रतिभागियों का ध्यान अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बुधवार को होने वाली बैठक के नतीजों और फेडरल रिजर्व चेयरमैन जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों पर रहेगा। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 45.65 डॉलर यानी 1.37 प्रतिशत बढ़कर 3,379.77 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

# जनवरी-मार्च में घरों की औसत कीमतों में आया बदलाव

**मुंबई।** मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली-एनसीआर, चेन्नई और पुणे में घरों की औसत कीमत पिछली तिमाही के मुकाबले जनवरी-मार्च में स्थिर रही हैं। प्रॉपटाइगर ने बुधवार को अपनी एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी है। खबर के मुताबिक, आरईए इंडिया का एक हिस्सा, हाउसिंग डॉट कॉम का स्वामित्व रखने वाली रियल एस्टेट ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर के आंकड़ों से पता चला है कि बेंगलुरु और हैदराबाद में कीमतों में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि अहमदाबाद और कोलकाता में 4 प्रतिशत की ग्रोथ देखी गई। हाल की तिमाहियों में ग्रोथ रेट घटी है खबर के मुताबिक, कंसल्टेंट फर्म ने कहा कि आवासीय संपत्ति की कीमतों में साल-दर-साल बढ़ोतरी जारी रही है, लेकिन हाल की तिमाहियों में ग्रोथ की गति स्पष्ट रूप से कम हुई है। हाउसिंग डॉट कॉम और प्रॉपटाइगर डॉट कॉम के ग्रुप सीईओ ध्रुव अग्रवाल ने कहा कि पिछली कुछ तिमाहियों में देखी गई मूल्य वृद्धि में कमी बाजार की गतिशीलता में स्थिरता का संकेत देती है।

# रेमेडियम लाइफकेयर राइट्स इश्यू को सकारात्मक प्रतिभाव

## पहले दो दिनों में 26 प्रतिशत सब्सक्राइब

***नई दिल्ली।** रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड का राइट्स इश्यू कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइल स्टोन है। इस इश्यू को निवेशकों और शेयरधारकों से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और दूसरे दिन के अंत तक इसे 26.03 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ है। विशेष रूप से, रेमेडियम लाइफकेयर एक तेजी से बढ़ती कंपनी है जो फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के हिस्से के रूप में कच्चे माल के व्यापार और वितरण में विशेषज्ञता रखती है।*

इस इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग रणनीतिक रूप से वैश्विक विस्तार पहलों में तेजी लाने, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कंपनी के पदचिह्न को मजबूत करने और कार्यशील पूंजी को मजबूत करने और अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं में निवेश करने के लिए किया जाएगा। इससे कंपनी की समग्र वित्तीय स्थिति में सुधार होगा। अपनी बैलेंस शीट को मजबूत करके और परिचालन क्षमताओं को बढ़ाकर, रेमेडियल लाइफकेयर का लक्ष्य अपने निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण दीर्घकालिक मूल्य हासिल करना है। इसके अलावा, इसका लक्ष्य खुद को वैश्विक विशेष रसायन और फार्मास्युटिकल क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित करना भी है। रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक आदर्श मुंजाल ने कहा कि इस कदम से कंपनी की वित्तीय स्थिति में सुधार होगा और महत्वपूर्ण वृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त होगा। हमारा ध्यान विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और व्यापक बाजार की सेवा के लिए अनुसंधान और विनिर्माण में आगे बढ़ने पर है।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**प्लॉट उपलब्ध हैं**
न्यू भेड़ाघाट के निकट प्रस्तावित रिंग रोड के पास फार्म हाउस हेतु लगभग 6000, 12000, 18000+ वर्गफुट के प्लॉट @ रु. 350 प्रति वर्गफुट उपलब्ध हैं. संपर्क करें - अनिल यादव, ग्राम सकरी
संपर्क: 6264760614
देवेन्द्र : 9993737969

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

# सब्जियों की कीमतों में कमी से वेज थाली हुई सस्ती

***नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर राहत की खबर है। अप्रैल में सब्जियों की कीमतों में नरमी से घर में बने भोजन की लागत में कमी आई है। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक इकाई ने अपनी रिपोर्ट 'रोटी चावल कीमत' में कहा कि अप्रैल में एक सामान्य शाकाहारी थाली की लागत सालाना आधार पर चार प्रतिशत और मासिक आधार पर एक प्रतिशत कम होकर 26.3 रुपये रह गई।*

सब्जियों की कीमतों में तेज गिरावट के कारण भोजन सस्ता हुआ। इस दौरान टमाटर 34 प्रतिशत, आलू 11 प्रतिशत और प्याज छह प्रतिशत सस्ता हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि उच्च आयात शुल्क के कारण वनस्पति तेल की कीमतों में 19 प्रतिशत और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में छह प्रतिशत की वृद्धि ने थाली की लागत में गिरावट को सीमित किया।

**मांसाहारी थाली भी सस्ती हुई** - इसके मुताबिक, मांसाहारी थाली की कीमत में सालाना आधार पर चार प्रतिशत और मासिक आधार पर दो प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 53.9 रुपये प्रति थाली पर आ गई है। रिपोर्ट कहती है कि मांसाहारी भोजन की कीमत में गिरावट सब्जियों और पॉल्ट्री की कीमतों में कमी के कारण हुई, जो कुछ प्रायद्वीपीय राज्यों में बर्ड फ्लू के कारण मांग प्रभावित होने के कारण अधिक आपूर्ति के कारण प्रभावित हुई है। क्रिसिल इंटेलिजेंस के निदेशक पुशन शर्मा ने कहा कि आने वाले दिनों में मजबूत घरेलू उत्पादन के बीच गेहूं और दालों की कीमतों में नरमी आने की उम्मीद है। वैश्विक आपूर्ति में तेजी आने से खाद्य तेल की कीमतों में भी अगले 2-3 महीनों में नरमी आ सकती है।

**कीमत की गणना कैसे होती है?**- क्रिसिल ने कहा कि घर पर थाली तैयार करने की औसत लागत की गणना उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में प्रचलित कच्चे माल की कीमत के आधार पर की जाती है। मासिक बदलाव आम आदमी के खर्च पर पड़ने वाले असर को बताता है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि थाली की कीमत में



बदलाव लाने वाले सामान (अनाज, दाल, ब्रॉयलर, सब्जी, मसाले, खाद्य तेल और रसोई गैस) क्या-क्या हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# सायरन बजा: जबलपुर के चार स्थानों पर मॉक-ड्रिल, आपदा से निपटने रिहर्सल

## सिविल डिफेंस, पुलिस, एनसीसी, ननिज, स्वास्थ्य सहित कई विभागों की मैदानी टीम रहीं शामिल

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में बुधवार को भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच देश भर में सुरक्षा व सतर्कता बढ़ा दी गई है। आतंकी हमलों जैसे हालात से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए जबलपुर के चार स्थानों पर मॉक ड्रिल की गई। जिसमें हवाई हमला या मिसाईल अटैक पर घायलों को तुरंत उपचार पहुंचाने जैसे जरूरी कदमों की रिहर्सल हुई। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि बीती रात ही पाकिस्तान में आतंकवादियों को बढ़ावा देने वाले स्थानों पर भारत ने एअर स्ट्राईक कर ध्वस्त कर दिया है। इसी को देखते हुये जबलपुर में प्रशासन को सतर्क कर दिया गया है।

जबलपुर में पहली मॉक ड्रिल समदडिया मॉल में हुई है। इसमें फायर व खाली कराने को लेकर रिहर्सल की गई। इस मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा कलेक्टर दीपक सक्सेना व एसपी संपत उपाध्याय ने पुलिस प्रशासन और सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर की थी। मॉक ड्रिल के समय सायरन बजाया गया।

**क्षेत्र छावनी में तब्दील-** सुरक्षा जानकारों के अनुसार हवाई हमला में ऊंची इमारतों पर अधिक खतरा रहता है, इसी को देखते हुये सिविक सेंटर के समदड़िया मॉल को चुना गया। जहां पर आला अधिकारियों की देख-रेख में रिहर्सल शुरू हुई।

**फायर ब्रिगेड का अमला सक्रिय-** वहीं समदड़िया मॉल के पास अग्निशमन का दल भी सक्रिय रहा। यहां पर दो से ज्यादा फायर ब्रिगेड तैनात किये गये थे जो आग लगने या ऊंची मंजिल से बचाव आपरेश के लिये तैयार दिखे।



### घायलों को लाया जा रहा था

मार्क ड्रिल के दौरान समदड़िया मॉल से घायलों को स्ट्रेचर में निकालने की प्रक्रिया की जा रही थी। इसमें पुरूष और महिला दोनो शामिल थे। घायलों को एम्बुलेंस से उपचार के लिये रवाना किया गया।



**इन जगहों पर मॉक ड्रिल-** वहीं दूसरी ओर गोरखपुर स्थित गारमेंट्स क्लस्टर, पुराना थाना गोरखपुर और ग्रामीण अंचल के लोगों को जागरूक बनाने के चलते मॉक ड्रिल यहां भी प्रशासन ने की।

**सन् 71 के बाद ब्लेक आउट-** पुरानी पीढ़ी के लोगों का कहना है कि साल 1971 के बाद जबलपुर में ब्लेक आउट देखा गया है। उस दौरान भी भारत पाकिस्तान युद्ध के बीच जबलपुर में भी इसी तरह का ब्लेक आउट किया गया था।

### 12 मिनट का ब्लैक आउट

इधर तय समय अनुसार शाम 7: 30 बजे से 7: 42 के बीच ब्लेक आउट कर दिया गया था। इस दौरान हूटर बज रहा था। बारह मिनट जबलपुर में ब्लैक आउट रहा। इस दौरान सभी जगह की लाइट बंद कर दी गई थी। लेकिन सड़कों पर वाहन चल रहे थे। हालाकि प्रशासन ने जारी गाइड लाइन में सड़कों पर ब्लेक आउट के समय वाहन रोक कर लाइट बंद करने के लिये कहा था, जिसका पालन उम्मीद के अनुरूप नहीं किया गया। लोग रील बना रहे थे।



# प्रबंधन लापरवाह..भगवान भरोसे रादुविवि

## बीए द्वितीय वर्ष की परीक्षा में दे दिया पाठ्यक्रम के विपरीत प्रश्नपत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** हर दूसरे दिन प्रबंधन एवं विभागों की लापरवाहियों के चलते हमेशा सुर्खियों में बने रहने वाले रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) का बुधवार को ऐसा कारनामा सामने आया जिसने न सिर्फ रादुविवि के शहर के विद्यार्थियों बल्कि रादुविवि से संबद्ध समूचे संभाग के कॉलेजों के हजारों विद्यार्थियों को असमंजस में डाल दिया।

बुधवार को बीए द्वितीय वर्ष का इतिहास विषय का प्रश्नपत्र था जो पूरी तरह आउट ऑफ सिलेबस (पाठ्यक्रम से बाहर) था। इस बड़ी लापरवाही के बाद जहां शहर सहित समूचे संभाग के परीक्षा दे रहे हजारों विद्यार्थी भड़क गए बल्कि परीक्षा केंद्र में उत्तर पुस्तिकाएं छोड़ कर परीक्षा केंद्र से बाहर निकल आए। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने रादुविवि पहुंच कर विरोध भी दर्ज कराया। इस तरह के प्रश्नपत्र में परीक्षार्थियों ने जहां रादुविवि के गोपनीय एवं परीक्षा विभाग पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया हैं वहीं शहर के सहित समूचे संभाग के केंद्रों से आई शिकायतों के बाद रादुविवि प्रबंधन इस विषय में छात्र हित में कोई निर्णय लेने का मन बना रहा हैं। रादुविवि प्रशासन ने जब यह पाया कि सभी परीक्षा केंद्रों से एक सी शिकायतें आ रही हैं तो निर्देश दिए गए कि परीक्षा केंद्र प्रभारी विद्यार्थियों से एक लिखित आवेदन लेकर उन्हें जाने दें। इस मामले में रादुविवि प्रबंधन का कहना है कि जिन विद्यार्थियों को प्रश्न पत्र में पूछे गए सवालों को लेकर आपत्तियां थी उनसे लिखित आवेदन ले लिए गए हैं। इस मामले में जांच के लिए एक कमेटी का भी गठन किया गया हैं।

### परीक्षार्थियों ने लगाए गंभीर आरोप

रादुविवि द्वारा हालहीं में एक परीक्षा के दौरान एक शब्द को लेकर उठे विवाद से पर्दा उठ भी नहीं पाया था कि बुधवार को यह नया मामला सामने आ गया। परीक्षार्थियों ने परीक्षा कार्यों कथित तौर पर बरती जा रही लापरवाहियों का आरोप लगाया हैं। सुबह 11 बजे से आयोजित बीए द्वितीय वर्ष की परीक्षा से जुड़ा हैं। बताया जाता है कि परीक्षा केंद्र में बैठे विद्यार्थियों को ऑउट ऑफ सिलेबस (पाठ्यक्रम से बाहर) प्रश्न पत्र थमा दिया गया। कुछ ही देर में हंगामा खड़ा हो गया।

### केंद्राध्यक्षों ने दी रादुविवि प्रबंधन को सूचना

रादुविवि प्रबंधन को इस विषय में अनेक केंद्रों के केंद्राध्यक्षों ने तत्काल ही इस गलती की सूचना दी। जिसके बाद यह तय किया गया कि विद्यार्थियों से एक आवेदन लेकर उन्हें जाने दिया जाए। रादुविवि को परीक्षाओं के बीच में पेपर अघोषित तौर पर स्थगित करना पड़ गया। उक्त परीक्षा विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी जिलों में आयोजित की गई थी जिसमें हजारों की संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा देने बैठे थे।




FARNAZ




